News सिटी चीफ

वर्ष-14, अंक-327
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**

प्रेम, घृणा का रूप भले ही ले ले, उसे मैत्री में परिवर्तित करना असंभव होगा।

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

# सिटी चीफ

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

इंदौर, गुरुवार 29 फरवरी 2024





# शेख शाहजहां 10 दिन की पुलिस रिमांड पर

## सुबह ईडी ने गिरफ्तार किया, कोर्ट में पेशी पर जाते वक्त शेख ने विक्ट्री साइन दिखाया

*पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं से यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोपी TMC नेता शेख शाहजहां को बशीरहाट कोर्ट ने 10 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। शेख को बंगाल पुलिस ने गुरुवार सुबह नॉर्थ 24 परगना के मीनाखान इलाके से उसे गिरफ्तार किया था। वह 55 दिन से फरार था। पुलिस जब शेख को लेकर कोर्ट पहुंची तो उसने विक्ट्री साइन दिखाया। साउथ बंगाल के ADG सुप्रतिम सरकार ने कहा कि शेख शाहजहां 5 जनवरी को श्रेष्ठ अफसरों पर हुए हमले के मुख्य आरोपियों में शामिल था। उसे इसी मामले में गिरफ्तार किया गया है। हम कोर्ट में अपील करेंगे कि शाहजहां को पुलिस रिमांड में दिया जाए। जब सुप्रतिम सरकार से पूछा गया कि क्या शेख शाहजहां पर सेक्शुअल असॉल्ट का कोई मामला है, तो उन्हें बताया कि इस गिरफ्तारी में सेक्शुअल असॉल्ट का कोई मामला नहीं है। शाहजहां के खिलाफ कई मामले दर्ज किए गए हैं। 8 और 9 फरवरी को जो मामले दर्ज हुए हैं, वे सभी 2-3 साल पहले की घटनाओं के हैं, पर जांच-पड़ताल में समय लगेगा। तीन दिन पहले कलकत्ता हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई थी। इसमें कोर्ट ने बंगाल सरकार को दूसरी बार फटकार लगाते हुए कहा था कि शेख शाहजहां को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। इसके कुछ घंटे बाद TMC प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि शाहजहां शेख को 7 दिन के अंदर अरेस्ट कर लिया जाएगा।*



### शुभेंदु अधिकारी बोले- शाहजहां ने पुलिस से डील कर ली है, स्टार सुविधाएं मिलेंगीं

पश्चिम बंगाल में भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि शेख शाहजहां को गिरफ्तार तो कर लिया गया है, लेकिन वह एक डील के तहत कल रात 12 बजे से ममता पुलिस की सुरक्षित कस्टडी में है। कल रात पुलिस उसे बेरमजूर-II में ग्राम पंचायत इलाके में ले गई थी, जहां उसने प्रभावशाली मध्यस्थों की मदद से ममता की पुलिस से डील की कि पुलिस कस्टडी और ज्यूडिशियल कस्टडी में उसकी अच्छे से देखभाल की जाएगी। जेल में उसे फाइव स्टार होटल जैसी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगीं। यहां तक कि उसे फोन भी दिया जाएगा जिसकी मदद से वह तोलामूल पार्टी को वर्चुअली चला सकेगा।

### भाजपा नेता सुकांत मजूमदार बोले- भाजपा ने दबाव डाला, तब सरकार ने गिरफ्तारी की

शेख शाहजहां की गिरफ्तारी को लेकर बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि भाजपा की तरफ से लगातार इस मुद्दे पर प्रदर्शन किए गए, जिसकी वजह से बंगाल सरकार उसे गिरफ्तार करने को मजबूर हुई। सरकार तो अब तक शेख शाहजहां को आरोपी मानने से ही इनकार कर रही थी।

### शाहजहां और उसके दो साथियों पर महिलाओं से गैंगरेप का आरोप

संदेशखाली में शेख शाहजहां और उसके दो साथियों शिबू हाजरा और उत्तम सरदार पर आरोप है कि वे महिलाओं का लंबे समय से गैंगरेप कर रहे थे। इस केस में शिबू हाजरा और उत्तम सरदार समेत 18 लोगों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

**हादसा : पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलटा**

# 14 लोगों की मौत 20 घायल....

## एक्सपायर हो चुका था गाड़ी का बीमा और फिटनेस





*डिंडौरी। मध्य प्रदेश के डिंडौरी में बड़ा हादसा हो गया है। यहां बिछिया-बड़झर गांव में एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 20 लोग घायल बताए जा रहे हैं। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा में भर्ती कराया गया है। वाहन में लगभग 45 लोग सवार थे। मृतकों में 6 पुरुष और 8 महिलाएं शामिल हैं। वहीं पुलिस ने पिकअप मालिक अजमेर टेकाम निवासी करोंदी को हिरासत में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक, हादसा बिछिया थाना क्षेत्र में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात 1:30 बजे हादसा हुआ। वहीं पुलिस तड़के तीन से चार बजे के बीच मौके पर पहुंची। पिकअप अमाही देवरी गांव से मंडला जिले के मसूर घुघरी गांव गई थी। लौटते समय पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई और 20 फीट नीचे खेत में जा गिरी। वाहन का बीमा और फिटनेस एक्सपायर हो चुका था। हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई, इनमें 6 पुरुष और 8 महिलाएं शामिल हैं। सभी की उम्र 16 से 60 वर्ष के बीच है। सभी मृतकों का अंतिम संस्कार डिंडौरी के अमाही देवरी गांव में एक साथ होगा। कलेक्टर डिंडौरी द्वारा सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए रेडक्रॉस से तत्काल राहत राशि प्रदान की गई है। मृतकों के परिजनों को तत्काल 20-20 हजार रुपए, घायलों को 5-5 हजार रुपए की राहत राशि दी गई है। मृतकों की अंत्येष्टि के लिए पीड़ित परिवार को सहायता राशि 5-5 हजार रुपए एवं घायलों को संबल योजना के अंतर्गत सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।*





### 4-4 लाख रुपए मुआवजे का ऐलान



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने डिंडौरी जिले में हुई वाहन दुर्घटना में कई अनमोल जिंदगियों के असामयिक निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति व परिजनों को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, घटना में हताहत लोगों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। जिला प्रशासन को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके डिंडौरी पहुंच रहीं हैं।

**लोकसभा चुनाव**

# आज आ सकती है बीजेपी प्रत्याशियों की पहली लिस्ट

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी गुरुवार को 100 से 120 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी कर सकती है। दरअसल 2024 लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की पहली बैठक दिल्ली में गुरुवार को होने वाली है। बैठक की अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्?डा करेंगे। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत शीर्ष नेता शामिल होंगे। सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में पार्टी की ओर से लोकसभा चुनाव के लिए 100 से 120 सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए जा सकते हैं। बैठक के दौरान नेताओं द्वारा 2014 के लोकसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनाव में पार्टी की हारी





हुई सीटों पर चर्चा होने की संभावना है। बता दें कि भाजपा ने इसी महीने दिल्ली में 17-18 फरवरी को राष्ट्रीय अधिवेशन किया था। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यकर्ताओं को ज्ञान- गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी पर फोकस करने का मंत्र दिया था। लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा इन चार वर्गों तक पहुंचने के प्रयासों के तहत मैदान में उतरेंगे और बड़े पैमाने पर प्रचार करेंगे।

**पहली लिस्ट में ही हो सकता है पीएम मोदी का नाम** भाजपा की पहली लिस्ट में ही पीएम मोदी और अमित शाह जैसे शीर्ष नेताओं का नाम शामिल हो सकता है। इनके अलावा पहली लिस्ट में भाजपा उन सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कर सकती है, जिन सीटों पर 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। 2019 के लोकसभा चुनाव के समय भाजपा ने चुनाव आयोग द्वारा तारीख के एलान के बाद अपनी पहली लिस्ट जारी की थी। हालांकि बीते साल पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के पैटर्न को देखें तो भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट चुनाव की तारीख के एलान से पहले ही जारी कर दी थी। ऐसे में माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव में भी भाजपा इसी पैटर्न पर चलते हुए चुनाव तारीख का एलान होने से पहले ही अपनी पहली लिस्ट जारी कर सकती है।

# 'महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी के बीच हो चुका है सीट बंटवारा, जल्द होगी घोषणा : संजय राउत

**मुंबई।** सत्ताधारी दल के साथ-साथ विपक्षी दल भी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों में जुटे हैं। तीन दलों के गठबंधन- महाविकास अघाड़ीमें कांग्रेस राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और शिवसेना शामिल हैं। तीनों पार्टियों के बीच महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों की शेयरिंग पर सहमति बन चुकी है। शिवसेना के वरिष्ठ नेता संजय राउत के मुताबिक तीनों दलों ने मिलकर अंतिम फॉर्मूला तैयार कर लिया है, जल्द ही सीटों के बंटवारे की औपचारिक घोषणा की जाएगी। इस प्रदेश पर नजरें इसलिए भी हैं क्योंकि महाराष्ट्र 48 लोकसभा सीटों के साथ देश का दूसरा सबसे बड़ा प्रदेश है। उत्तर प्रदेश







80 सीटों के साथ सबसे अधिक लोकसभा सीटों वाला सूबा है।

राउत ने यह बयान बुधवार को मुंबई में आयोजित बैठक के बाद दिया। उन्होंने कहा, सीट बंटवारे पर चर्चा के लिए अब और बैठकें नहीं होंगी। बैठक में कांग्रेस नेता पटोले, पृथ्वीराज चव्हाण, वर्षा गायकवाड़, राकांपा (शरद पवार गुट) के नेता जयंत पाटिल, जितेंद्र अवहाद और अनिल देशमुख और सेना (यूबीटी) के संजय राउत और विनायक राउत ने भाग लिया। प्रकाश अंबेडकर के नेतृत्व वाली वंचित बहुजन अगाड़ी (वीबीए) का एक प्रतिनिधि भी मौजूद था। संजय राउत ने कहा, 'शरद पवार, उद्धव ठाकरे, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले और प्रकाश अंबेडकर सीट बंटवारे को अंतिम मंजूरी देने के लिए मिलेंगे। संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में एलान होगा।' उन्होंने उन खबरों का खंडन किया कि वीबीए ने 27 सीटों की मांग की थी। बकौल संजय राउत, वीबीए ने उन सीटों की एक सूची दी है जहां वे कई वर्षों से काम कर रहे हैं। हम इस पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी 48 लोकसभा सीटों से जुड़े पहलुओं पर व्यापक चर्चा हुई। राउत ने साफ किया कि चुनाव जीतना महत्वपूर्ण है। यह मायने नहीं रखता कि कौन सी पार्टी कितनी सीटों पर चुनाव लड़ रही है।



## सावधान जाहिर सूचना

**ग्राम गोकन्या हल्का शिवनगर रा.नि.मं. सिमरोल तहसील महू जिला इन्दोर म.प्र खसरा न. 72 वा अन्य खसरो कृषि भूमि के सम्बन्ध मे।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम गोकन्या हल्का शिवनगर रा.नि.मं. सिमरोल तहसील महू जिला इन्दोर म.प्र मे स्थित कृषि भूमि विजय पिता राम भरोसे तिवारी से छल कर फरेब से सोची समझी चाल चल कर जिसका खसरा नंबर 72 वा अन्य खसरो को लिख कर 8 विक्रय पत्रो के लिए कूटरचित भाषा लिख कर दस्तावेज तयार कर वा फर्जी चेको को दे कर जालसाजी और 420 से विक्रय पत्रों का पंजीयन करवाया गया है इन सभी के नाम इस प्रकार है सुमित प्रकाश पाटनी पिता मणिक चन्द पाटनी, अरुणा पाटनी पति सुमित प्रकाश पाटनी,अनिल कुमार पंवार पिता मोहन सिंह पंवार, राहुल जैन पिता राकेश जैन, आनंद कसेरा पिता लक्ष्मणदास कसेरा राकेश जैन पिता स्व.नवीन चन्द जैन,पार्वती जैन पति बक्षीराम जैन, पवन जैन पिता बक्षीराम जैन इन सभी के खिलाफ पुलिस में जांच चल रही है कोर्ट में केस पेंडिंग है अत: कृषि भूमि खसरा नंबर 72 वा अन्य खसरो का सौदा किया गया था जिसका भुगतान राशि चेको के माध्यम से की गई थी पर चैक अनादरण होने से सौदा 2018 में निरस्त किया जा चुका है जिसकी सूचना पेपर विग्यप्ति के माध्यम से पहले ही सूचना दी जा चुकी है अत: इन सभी विक्रय पत्रो के संदर्भ मे किसी भी व्यक्ति, संस्था या बैंक आदि से कर्ज हेतू प्राप्त करता है या इन रजिस्ट्री के माध्यम से विक्रये करता है तो इस की जवाब देयी किसान भूमि मालिक की नही होगी

अत : होने पर पुलिस कार्रवाई की जाएगी।

## सिंगल कॉलम

### इंदौर में 67 टंकियां खाली, गुरुवार को भी आधे शहर में रहेगा जलसंकट, दिनभर दौड़ते रहे टैंकर

***शहर में बुधवार को 157 टैंकरों के माध्यम से जलवितरण व्यवस्था की गई थी। बुधवार की तरह गुरुवार को भी आधे शहर में जलसंकट बना रहेगा। फूटी नर्मदा की बड़ी पाइप लाइन के चलते शहर की 67 टंकियां खाली शुक्रवार से स्थिति सामान्य होने की संभावना फाल्ट तलाशने में लगा 32 घंटे से ज्यादा का समय***

*इंदौर। जलूद के करीब फूटी नर्मदा की बड़ी पाइप लाइन को सुधारने का काम बुधवार देर रात तक जारी था। इसके चलते शहर की 67 टंकियां खाली रहीं। बुधवार की तरह गुरुवार को भी आधे शहर में जलसंकट बना रहेगा। बुधवार को नगर निगम ने 157 टैंकरों के जरिए जलवितरण व्यवस्था बनाए रखने का प्रयास किया जो नाकाफी साबित हुआ। कई क्षेत्रों में रहवासी परेशान होते रहे। पाइप लाइन मंगलवार सुबह फूटी थी। फाल्ट तलाशने में लगा 32 घंटे से ज्यादा का समय फाल्ट तलाशने में ही नगर निगम को 32 घंटे से ज्यादा का समय लग गया। सुधार काम में लगे दल को बुधवार देर शाम पता चला कि सप्लाय लाइन में मेनहोल के पास लगा बडा ढक्कन पानी के दबाव के चलते हट गया है। इसे तलाशने के बाद पाइप लाइन में पानी कम करने की कवायद शुरू हुई। रात करीब साढ़े 10 बजे पानी कम होने के बाद सुधार काम में लगी टीम ने वेल्डिंग का काम शुरू किया। देर रात तक काम जारी था। शुक्रवार से स्थिति सामान्य होने की संभावना नर्मदा प्रोजेक्ट इंचार्ज संजीव श्रीवास्तव के मुताबिक टंकियां नहीं भरा पाने की वजह से गुरुवार को भी आधे शहर में पानी का संकट बना रहेगा। शुक्रवार से स्थिति सामान्य होने की संभावना है। जिस पाइप लाइन से जलूद से इंदौर के लिए नर्मदा जल लाया जाता है वह मंगलवार सुबह अचानक फूट गई थी। लाइन फूटने से बहा लाखों गैलन पानी आसपास के खेतों में भरा गया था। मंगलवार को ही नगर निगम की टीम मौके पर पहुंच गई थी। टीम ने मंगलवार देर शाम लाइन सुधारने का काम शुरू कर भी दिया था, लेकिन उसे फाल्ट तक पहुंचने में लंबा समय लगा। बुधवार को 157 टैंकरों से जलवितरण श्रीवास्तव के मुताबिक शहर में बुधवार को 157 टैंकरों के माध्यम से जलवितरण व्यवस्था की गई थी। कुछ क्षेत्रों में विवाद की स्थिति भी बनी। लोगों ने निजी नलकूपों से भी पानी की व्यवस्था की। गुरुवार को भी टैंकरो के माध्यम से व्यवस्था बनाए रखने का प्रयास किया जाएगा। जिन क्षेत्रों की टंकियां नर्मदा के पहले और दूसरे चरण के पंपों से भरी जाती हैं वहां बुधवार को सप्लाय तो हुआ लेकिन कम प्रेशर से। नर्मदा के तीसरे चरण से भरी जाने वाली टंकियां खाली रहीं। ये टंकियां आज भी रहेंगी खाली बिजलपुर, मां विहार, स्कीम 59, बिलावली, भंवरकुआ, खातीवाला, स्नेह नगर, गाड़ी अड्डा, पागनीसपागा, सीपी शेखर नगर, उर्दू मैदान, एमवायएच, पीडब्ल्यूडी, यशवंत क्लब, तुकोगंज, काटन अड्डा, कुलकर्णी का भट्टा, अंबेडकर नगर, एमआइजी, त्रिवेणी उद्यान, बजरंग नगर, नंदा नगर रोड नं 13, नंदा नगर नई, नंदा नगर पुरानी, बर्फानीधाम, जनता क्वार्टर, सुखलिया, वीणा नगर, महालक्ष्मी नगर, स्कीम नं. 54, स्कीम 74, स्कीम नं. 114 पार्ट 2, नानक नगर, स्कीम 94, मूसाखेड़ी, टूटी प्रेस, शिव नगर, महावीर नगर, खजराना, प्रगति नगर, बुद्ध नगर, रेती मंडी, सूर्यदेव नगर, हवा बंगला, विदुर नगर, ग्रेटर वैशाली, स्कीम 71, चंदन नगर, अंबिकापुरी, सिलिकान सिटी, स्कीम 140, कृषि नगर, रेडियो कालोनी, भूरी टेकरी, मित्रबंधु नगर, सर्वसुविधा नगर, स्कीम 134, साईं कृपा, तापेश्वरी बाग, समर पार्क, स्कीम 114 पार्ट 1, स्कीम 78, स्कीम 78 स्लाइस 1, स्कीम 78 स्लाइस 2, लोहा मंडी, राजीव आवास विहार, स्कीम 113, स्कीम 136*

### किशोरी को सौतेली मां करती थी प्रताड़ित, जबरदस्ती कराई जा रही शादी, ऐसे रुकी

***परिजन जबरदस्ती किशोरी का विवाह उसके ननिहाल उमरी खेड़ा से कर रहे थे। किशोरी ने बताया कि उसकी मा का निधन पहले ही हो चुका है पिता ने दूसरी शादी कर ली है सौतेली मां प्रताड़ित करती है। महिला बाल विकास विभाग ने बाल विवाह रुकवा दिया। महिला बाल विकास विभाग ने रुकवाया बाल विवाह जबरदस्ती किया जा रहा था किशोरी का विवाह सौतेली मां करती थी प्रताड़ुति***

*इंदौर। महिला बाल विकास विभाग के तहत संचालित बाल विवाह विरोधी उड़नदस्ता ने सोमवार को तेजाजी नगर के पास हो रहे बाल विवाह को रोका और किशोरी को संरक्षा में लिया। दरअसल कंट्रोल रूम पर शिकायत मिली थी कि तेजाजी नगर के पास परिजन जबरदस्ती किशोरी का विवाह कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार सूचना मिलते ही बाल विवाह विरोधी उड़नदस्ता प्रभारी महेंद्र पाठक व टीम मौके पर पहुंचे तो ताला लगा हुआ मिला। बालिका के पिता से फोन पर संपर्क करने पर पता चला कि बेटी का विवाह उसके ननिहाल उमरी खेड़ा से किया जा रहा है। जब परिवार को नियमों की जानकारी और समझाइश के बाद परिवार विवाह निरस्त करने को तैयार हो गया। किशोरी ने चर्चा में कुछ बताने से इनकार कर दिया और मौन होकर रोती रही। मंगलवार को बाल कल्याण समिति के समक्ष किशोरी ने कई बातें बताईं। इसके बाद किशोरी का स्वास्थ्य परीक्षण कर संरक्षण गृह भेजा गया है। सौतेली मां करती है प्रताड़ित बाल कल्याण समिति के समक्ष किशोरी ने बताया कि उसकी माता का निधन पहले ही हो चुका है पिता ने दूसरी शादी कर ली है सौतेली मां प्रताड़ित करती है।*

# इंदौर में पूर्व पार्षद अनवर कादरी पर मारपीट का आरोप, सीसीटीवी फुटेज में बंदूक ले जाते दिखा

**सिटी चीफ इंदौर**

पूर्व पार्षद अनवर कादरी पर मारपीट का आरोप लगा है। सदर बाजार थाना में कादरी और साथियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज करवाई गई है। आरोप है कि कादरी ने बंदूक के दम पर धमकाया। घर में घुस कर मारपीट की और महिलाओं के साथ भी अभद्रता की। हालांकि पुलिस ने कादरी की तरफ से भी शिकायत दर्ज की है। उसने फोन पर धमकाने का आरोप लगाया है।घटना जोन-1 के सदर बाजार थाना अंतर्गत आने वाले सदर बाजार थाना क्षेत्र की है। बड़वाली चौकी निवासी जावेद नामक युवक ने अनवर कादरी और साथियों के खिलाफ शिकायत की। आरोप लगाया कि कादरी हाथ में बंदूक लिए घर तक आ गया। उस वक्त जावेद खाना खा रहा था। कादरी ने आते ही चांटा मारा और धमकाया भी। उसके साथ में जुबेर, अनीश कुरैशी और असलम भी था। गालियां देने पर जावेद की मां जोहरा बी बीच में आई और अनवर को रोका। अनवर ने उसके साथ भी अभद्रता की। पुलिस ने जावेद का मेडिकल परीक्षण करवा कर प्रकरण दर्ज कर लिया। वाट्सएप पर मैसेज चलाने पर हुई थी



कहासुनी जावेद ने पुलिस को बयानों में बताया कि वह पत्रकारिता करता है। उसने अनवर कादरी के खिलाफ वाट्सएप पर मैसेज चलाए थे। जावेद ने कादरी की संपत्ती संबंधित को लेकर कमेंट्स किए थे। इसी बात पर कादरी ने हमला किया है। **फोन पर धमकाया-कादरी** कादरी का आरोप है कि जावेद ने फोन कर धमकाया है। उसके खिलाफ भी सदर बाजार थाना में शिकायत दर्ज करवा दी है। जावेद अनर्गल मैसेज बहुप्रसारित कर ब्लैकमेल करने की कोशिश कर रहा है।

**चार के विरुद्ध केस**

एडिशनल डीसीपी जोन-1 आलोक शर्मा के मुताबिक कादरी सहित चार के विरुद्ध एफआइआर दर्ज कर ली है। कादरी ने भी जावेद पर फोन पर धमकाने का आरोप लगाया है।

# इंदौर में रात का पारा 18 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंचा, ठंड का असर कम



**सिटी चीफ इंदौर**

गुरुवार को पूर्वी-दक्षिण पूर्वी दिशा से हवा चलने लगी है। पड़ौसी राज्यों में ओले-बरसात की वजह से मौसम बदल गया है। ठंड का असर कम हो चुका है। मगर रात में तेज हवाएं चलने से गुलाबी ठंड महसूस होती है। पर तापमान धीरे-धीरे बढ़ने लगा हैबीते 24 घंटों में न्यूनतम तापमान में 2.3 डिग्री सेल्सियस का अंतर दिखा है। अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस है, जो सामान्य से एक डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 17.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से चार डिग्री अधिक रहा। अलसुबह दृश्यता छह हजार मीटर तक रही। सुबह से सूरज के तीखे तेवर दिखे। दिन चढ़ने के साथ ही तापमान भी बढ़ रहा है। हवा की रफ्तार दस किमी प्रतिघंटा रही। मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन से चार दिन तापमान ऐसा ही बना रहेगा।

**आज का मौसम**

शहर में बुधवार सुबह बादल छाए रहे और दिन में धूप भी निकली। दिन में उत्तर पश्चिमी हवा चली। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक गुरुवार को आसमान साफ रहेगा और धूप भी निकलेगी। दोपहर बाद ऊपरी सतह वाले बादल छाएंगे। ऐसे मे गुरुवार को दिन व रात का तापमान सामान्य के आसपास ही रहेगा।

# गर्भावस्था के दौरान डिप्रेशन से बचे महिलाएं बचाव के लिए करें व्यायाम और मेडिटेशन



**सिटी चीफ इंदौर**

यदि आप गर्भावस्था प्लानिंग कर रहे हैं तो उससे पहले एक बार विशेषज्ञ से जरूर मिलना चाहिए, ताकि थायराइड, शुगर, थैलेसिमिया हो तो पता चल सके। यदि कोई बीमारी निकलती है तो इलाज के बाद गर्भावस्था प्लानिंग करना चाहिए। गर्भावस्था के दौरान तीन से चार बार सोनोग्राफी विशेषज्ञ की सलाह से करवा लेना चाहिए। इससे कोई खतरा नहीं होता है।इस दौर में महिलाओं को बिल्कुल भी डिप्रेशन का शिकार नहीं होना चाहिए। इससे बचाव के लिए मेडिटेशन, व्यायाम करना चाहिए। लेकिन इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि चार-माह में पता चल जाता है कि हाई रिस्क तो नहीं है। ऐसे में विशेषज्ञ की सलाह से ही व्यायाम करें। सामान्य प्रसव के लिए महिलाओं को अपनी दर्द क्षमता बढ़ानी चाहिए।

यह बात एमडी एवं सहायक प्राध्यापक, स्त्री रोग विभाग (एमजीएम मेडिकल कालेज) डा. आकांक्षा थोरा ने कहीं। वे बुधवार को नईदुनिया के हेलो डाक्टर कार्यक्रम में गर्भावस्था और सर्वाइकल कैंसर के बारे में पाठकों के सवालों के जवाब दे रही थीं। डा. थोरा ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए नौ से 14 वर्ष की आयु में बालिकाओं को इसके टीके लगवा लेना चाहिए। इसके बाद भी महिलाएं टीके लगवा सकती है। वहीं 30 वर्ष के बाद सभी महिलाओं को एलबीसी और एचपीवी जांच करवाना चाहिए। धूमपान, रोग प्रतिरोध क्षमता कम होना भी सर्वाइकल कैंसर का एक कारण हो सकता है।

# सात दिन में 12 हजार कापियों का ही हुआ मूल्यांकन, 6 मूल्यांकनकर्ताओं को नोटिस

**सिटी चीफ इंदौर**

माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा के साथ ही कापियों का मूल्यांकन कार्य भी शुरू हो चुका है। पहले चरण में 90 हजार कापियां जांची जाना है, लेकिन मूल्यांकन कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है। 22 फरवरी से शुरू हुए मूल्यांकन में अब तक सिर्फ 12 हजार कापियां ही चेक हो पाई है। इधर दूसरे चरण की कापियां भी मालव कन्या उमावि पहुंच चुकी है, हालांकि यह कापियां अन्य जिलों में जांच के लिए जाएगी। इधर मूल्यांकन के नहीं आ रहे 6 शिक्षकों को नोटिस भी जारी किया गया है। बता दें कि इस 800 से अधिक शिक्षकों ने मूल्यांकन कार्यकर्ता के रूप में रजिस्ट्रेशन कराया है। लेकिन अब तक सिर्फ 120 मूल्यांकनकर्ता ही कापियां चेक करने जा रहे है।मूल्यांकन प्रभारी बबीता हयारण ने बताया कि पिछले सात दिनों में 12 हजार कापियां जांची




जा चुकी है। 6 मूल्यांकनकर्ताओं को नोटिस भी जारी किया है, जो कि मूल्यांकन के लिए नहीं आ रहे है। 5 मार्च तक बोर्ड परीक्षा खत्म हो जाएगी, जिसके बाद पूरी क्षमता के साथ कापियां चेक होना शुरू हो जाएगी। हमारी कोशिश है कि मार्च माह में मूल्यांकन कार्य पूरा कर लिया जाए। इस दौरान करीब 3 लाख कापियां चेक की जाएगी। परीक्षा के मूल्यांकन कार्य सुबह 10 से शाम 6 बजे तक होगा। हर एक मूल्यांकनकर्ता को प्रतिदिन अधिकतम 45 कापियां जांचना होगी। परीक्षाओं में लगे मूल्यांकनकर्ता 10 वीं बोर्ड परीक्षाएं समाप्त हो चुकी है। लेकिन 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के प्रश्न पत्र अभी बचे हुए है। जिन शिक्षकों ने मूल्यांकनकर्ता के रूप में रजिस्ट्रेशन कराया है, उनमें से अधिकांश परीक्षा केंद्रो पर परिवेक्षक भी बने हुए है। इसलिए बोर्ड परीक्षा समाप्त होने के बाद मूल्यांकन कार्य में तेजी आएगी।

# प्रचार का आज अंतिम दिन, कल सुबह 9 बजे सील हो जाएंगी मतपेटियां

**सिटी चीफ इंदौर**

इंदौर अभिभाषक संघ के वार्षिक चुनाव के लिए प्रचार का गुरुवार को अंतिम दिन है। प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ प्रचार में जुटे हैं। एक दिन पहले बुधवार को भी जिला न्यायालय चुनावी माहौल में रंगा नजर आया। प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ वकीलों की टेबलों पर अपने पक्ष में मतदान की गुहार लगाते नजर आए। गुरुवार दिनभर भी ऐसे ही नजारे दिखाई देंगे।इधर निर्वाचन समिति ने भी सुचारू मतदान की तैयारियां पूरी कर ली हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज द्विवेदी ने सभी सहायक निर्वाचन अधिकारियों के साथ-साथ प्रत्याशियों की बैठक लेकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि सुचारू मतदान के लिए चार मतदान केंद्र बनाए गए हैं। वरिष्ट अधिवक्ताओं के लिए पृथक व्यवस्था



रहेगी। सीसीटीवी कैमरे से लैस होंगे मतदान केंद्र- द्विवेदी ने बताया कि मतदान के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी रोकने के लिए मतदान केंद्रों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों की मदद से की जाएगी। सुचारू मतदान के लिए सहायक निर्वाचन अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है। मतदान के दौरान प्रत्याशियों के समर्थकों पर नजर रखी जाएगी। प्रत्याशियों के ऐसे समर्थक जो अधिवक्ता नहीं हैं उन्हें जिला न्यायालय परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं रहेगी। मतदान को प्रभावित करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। सुबह 9 बजे सील हो जाएंगी मतपेटियां द्विवेदी ने बताया कि हमने सभी प्रत्याशियों से कहा है कि वे शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे संघ के कार्यालय में उपस्थित हो जाएं। उन्हीं की उपस्थिति में सभी मतपेटियां सुबह 9 बजे सील कर दी जाएंगी। इस पर प्रत्याशियों के हस्ताक्षर भी लिए जाएंगे। सील की गई मतपेटियों को मतदान स्थल पर रखवा दिया जाएगा। सुबह 11 बजे से मतदान शुरू हो जाएगा जो शाम पांच बजे तक जारी रहेगा। शाम पांच बजे जो लोग कतार में लगे होंगे उन्हें मतदान का अधिकार रहेगा।

### बुजुर्गों और दिव्यांगों को इंदौर एयरपोर्ट पर एक फोन पर उपलब्ध होगी व्हील चेयर

इंदौर एयरपोर्ट पर उड़ानों की संख्या बढ़ने के साथ ही यात्रियों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। ऐसे में एयरपोर्ट पर यात्रियों को कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अब एयरपोर्ट पर आने वाले दिव्यांग और बुजुर्ग यात्रियों को एक फोन काल पर व्हील चेयर उपलब्ध होगी। इससे व्हील चेयर के लिए टर्मिनल के बाहर अधिक समय तक इंतजार करने की आवश्यकता नहीं होगी।एयरपोर्ट टर्मिनल के बाहर दो फोन लगाए गए हैं, जो सीधे टर्मिनल के अंदर एयरलाइंस कंपनी के काउंटर से जुड़े हैं। यात्रियों को व्हीलचेयर की आवश्यकता होने पर इन फोन से काल करना होगा। काल करने के तुरंत बाद एयरलाइंस कंपनी का कर्मचारी व्हील चेयर लेकर पहुंचेगा। जो यात्री को व्हील चेयर पर बैठकर सीधे टर्मिनल के अंदर जाएगा। इससे यात्री को बाहर अधिक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। एयरपोर्ट प्रबंधन का कहना है कि यात्रियों की सुविधा के लिए टर्मिनल के बाहर लगाए गए फोन के अंदर एयरलाइंस कंपनी के काउंटर के फोन से कनेक्ट किया है। जिस भी विमान कंपनी का टिकट होगा, इस कंपनी का कर्मचारी व्हील चेयर लेकर तुरंत पहुंचेगा।

**काउंटर पर नहीं जाना पड़ेगा**

एयरपोर्ट पर पहुंचने वाले दिव्यांग और बुजुर्ग यात्रियों को व्हील चेयर की आवश्यकता होने पर टर्मिनल के बाहर और अंदर बने एयरलाइंस के काउंटर पर बोलना पढ़ता था। इसके बाद कंपनी के कर्मचारी द्वारा व्हीलचेयर उपलब्ध कराई जाती थी। इस पूरी प्रक्रिया में यात्रियों को लंबा इंतजार करना पड़ता था। अब फोन काल के बाद व्हील चेयर लेकर कर्मचारी सीधे पीक एंड ड्राप में खड़ी कार तक पहुंचेगा। यहां से यात्री सुरक्षा जांच के बाद सीधे टर्मिनल में प्रवेश कर सकेंगे।

# अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के ब्रांड को अपसाइकल प्लास्टिक बनाकर देगी इंदौर की कंपनी

**सिटी चीफ इंदौर**

कचरे को कंचन में तब्दील करने वाले इंदौर शहर के उद्यमी अब इस व्यवसाय को बड़े पैमाने पर ले जाने की तैयारी में जुटे हैं। इंदौर की इन्वायरो रिसाइक्लीन प्रालि कंपनी पीथमपुर के सेक्टर 7 के 40 एकड़ में प्लांट लगाकर अपसाइकल प्लास्टिक तैयार करेगी। इस प्लांट में रिसाइकल कर तैयार होने वाले प्लास्टिक को इंदौर की कंपनी अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के बड़े ब्रांड को उपलब्ध करवाएगी। ये ब्रांड इस प्लास्टिक का उपयोग कर अपने उत्पाद तैयार करेंगे। अभी ये ब्रांड वर्जिन प्लास्टिक (पहली बार उपयोग वाला प्लास्टिक) का इस्तेमाल करते हैं। उज्जैन में एक व दो मार्च होने वाले क्षेत्रीय औद्योगिक सम्मेलन में कंपनी को मप्र औद्योगिक विकास निगम द्वारा जमीन का आवंटन किया जाएगा। इंदौर की यह कंपनी फिलहाल सांवेर के धरमपुरी में चाकलेट रैपर व चिप्स के पैकेट के मल्टी लेयर प्लास्टिक से प्लास्टिक टेबल-कुर्सी, वेस्टबिन, टाइल्स व प्लास्टिक बोतल से टी-शर्ट जैसे उत्पाद तैयार करती है। अब कंपनी



बड़े ब्रांड के लिए 'बोतल टू बोतल' या 'प्रोडक्ट टू प्रोडक्ट' तैयार करेगी। इसे तैयार करने के लिए इंदौर की कंपनी विदेशी कंपनियों की मशीनरी का सेटअप भी लगाएगी।

**तीन लाख टन प्लास्टिक कचरा कर रहे खत्म**

इन्वायरो रिसाइक्लीन प्रालि के संचालक पुनीत जैन के मुताबिक वर्तमान में हमारी कंपनी उज्जैन, धार, भोपाल, दक्षिण व उत्तर भारत के अन्य शहरों से प्लास्टिक इंदौर लाकर उसे रिसाइकल कर उत्पाद तैयार कर रही है। सालभर में हम करीब तीन लाख टन प्लास्टिक के कचरे को खत्म कर रहे हैं। पीथमपुर में प्लांट लगाने के बाद वर्ष 2026 तक इससे उत्पादन शुरू होगा। ऐसे में हम इससे ज्यादा मात्रा में प्लास्टिक को रिसाइकल कर सकेंगे। हम इंदौर में एशिया का सबसे बड़ा रिसाइकल प्लांट को माडल के रूप में तैयार करेंगे।

**प्रोडक्ट टू प्रोडक्ट सिस्टम**

वर्तमान में कई बड़ी कंपनियां अपने उत्पादों के लिए कंटेनर व बोतल के निर्माण के लिए वर्जिन प्लास्टिक का उपयोग करती है। इस सिस्टम में कंपनी अपने ग्राहकों से उपयोग के बाद प्लास्टिक की बोतल, पेंट के डिब्बे जैसे कंटेनर को लेकर रिसाइकल करने वाली कंपनी को देगी। यह कंपनी सर्कुलर हाईग्रेड रिसाइकल तकनीक का उपयोग करेगी। इसमें उपयोग हो चुके उत्पाद की धुलाई, सफाई, मिक्सिंग के साथ डि आर्डराइजर के माध्यम से उसमें आने वाली गंध को भी खत्म किया जाएगा। इस तरह उस प्लास्टिक को अपसाइकल कर प्लास्टिक का अपसाइकल दाने तैयार होने से कोई भी बड़ी कंपनी पुनः वैसा ही उत्पाद तैयार कर सकेगी।

# बंधक बनाकर महिला से दुष्कर्म दो लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**सिटी चीफ भोपाल**

राजधानी के निशातपुरा थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ दो युवकों द्वारा बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि उसे कमरे में बंद कर दुष्कर्म करने के बाद युवक बदनामी का डर दिखाकर लगातार उसका शोषण कर रहे थे। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।निशातपुरा थाना पुलिस के मुताबिक क्षेत्र में रहने वाली 29 वर्षीय महिला परिवार के साथ रहती है। मोहल्ले में रहने वाले आमिर नाम के युवक का उसके घर आना-जाना था। अक्टूबर-2022 को एक दिन महिला को घर में अकेला पाकर आमिर ने कमरा बंद कर डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। इसके बाद बदनामी का घर दिखाकर आमिर महिला का शारीरिक शोषण करना शुरू कर दिया था। इस बात का पता आमिर के दोस्त जुनैद को चला, तो पहले उसने महिला से फोन पर बात करना शुरू की। इसके बाद आमिर और उसके संबंध के बारे में सबको बता देने की धमकी देकर जुनैद ने भी महिला के साथ ज्यादती करना शुरू कर दी थी। परेशान होकर महिला ने मंगलवार को थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करा दी। पुलिस का कहना है कि आरोपितों की तलाश जारी है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# पंचायतों में शिक्षा सुधरी न स्वास्थ्य, कागजों में हो रहा विकास, बैठक में सदस्यों ने किया हंगामा

**सिटी चीफ भोपाल**

जिले की 222 ग्राम पंचायतों में न तो शिक्षा के स्तर में सुधार हुआ है और न ही स्वास्थ्य व्यवस्था सुधरने का नाम ले रही हैं। इसके अलावा पंचायतों में विकास कार्य भी कागजों में किए जा रहे हैं। शिक्षा, पीएचई, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों के अधिकारी फोन नहीं उठाते हैं। सभी अपनी मनमानी पर उतारू हैं, नतीजा यह है कि पंचायतों में आमजन को शासन की योजनाओं और अन्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। यह मुद्दे जिला पंचायत सदस्यों ने बुधवार को डेढ़ वर्ष बाद हुई साधारण सभा की बैठक में उठाते हुए जमकर हंगामा कर दिया। सदस्यों ने बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पेश किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ ऋतुराज सिंह, अध्यक्ष रामकुंवर नौरंग सिंह गुर्जर, उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट सहित जिला पंचायत सदस्य व विभिन्न विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।जिला पंचायत के उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के अध्यक्ष मोहन सिंह जाट ने जिला शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार त्रिपाठी पर सवाल उठाते हुए बताया कि ग्राम पंचायत कलखेड़ा की माध्यमिक शाला में पदस्थ शिक्षिका वृंदा शर्मा एक महीने से बिना सूचना के स्कूल से गायब थीं। जिसकी जांच की गई तो पता चला कि डीईओ ने पुरानी तारीख में सीसीएल छुट्टी जारी कर दी। इस पर सभी सदस्यों ने आपत्ति उठाई तो सीईओ ने जांच कराने के आदेश दिए हैं। पंचायतों में संचालित हो रही अवैध शराब दुकान जिला पंचायत सदस्य चंद्रेश सुरेश राजपूत ने महिला बाल विकास के अधिकारियों पर आंगनबाड़ी केंद्रों में अनुमतियों को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए व्यवस्था ठीक करने की बात कही। सांसद प्रतिनिधि सुरेश राजपूत ने बैठक में मुद्दा उठाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब की दुकान संचालित हो रही हैं। जो बंद कराना चाहिए। प्रधानमंत्री सड़क योजना का टेंडर भी चार वर्ष से नहीं हुआ है। बच्चों के भविष्य से किया जा रहा खिलवाड़ सदस्य विक्रम भालेश्वर ने बैठक में गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि अधिकारियों द्वारा समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। अधिकारी कागजों में योजनाओं को चला रहे हैं। इसी बीच सभी सदस्यों ने कहा कि गांव के स्कूलों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शिक्षक लापरवाह हो गए हैं। बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। स्कूलों में पढ़ाई ठीक से नहीं चल रही है। सदस्यों की नाराजगी पर जिला पंचायत सीईओ ऋतुराज सिंह ने सभी अधिकारियों को फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि व्यवहार सुधारने के साथ ही क्षेत्र में काम करें।




# शहर में 1228 जगहों पर 8.9 प्रतिशत तक महंगी हो सकती है प्रापर्टी

## नई कलेक्टर गाइडलाइन का प्रस्ताव पेश

**सिटी चीफ भोपाल**

नवीन वित्तीय वर्ष 2024-25 में एक हजार 443 स्थानों पर संपत्ति 7.19 प्रतिशत तक महंगी करने की तैयारी प्रशासन द्वारा कर ली गई है। दरअसल एआइ, जीआइएस सहित अन्य नई तकनीकों की मदद से वर्ष 2024-25 की प्रस्तावित कलेक्टर गाइडलाइन तैयार की गई है। इसको लेकर कलेक्ट्रेट में बुधवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित की गई। चर्चा के बाद गाइडलाइन को आमजन के लिए उपलब्ध करा दिया गया है। आमजन तीन मार्च तक अपने दावे-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।जिले में कुल तीन हजार 900 स्थान हैं, जिनमें से दो हजार 457 स्थानों पर संपत्ति की दरें नहीं बढ़ाई जा रही हैं। इनमें से एक हजार 443 स्थानों पर औसत 7.19 प्रतिशत संपत्ति की दरें बढ़ाया जाना प्रस्तावित किया गया है। इनमें ग्रामीण क्षेत्र के 215 स्थान हैं, जहां पर 5.48 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र के एक हजार 228 स्थान पर संपत्ति की दरें 8.9 प्रतिशत बढ़ाए जाने की तैयारी है। इन के कलेक्टर गाइडलाइन में 22 नई कालोनियों को जोड़ा जा रहा है।

**21 हजार रजिस्ट्रियां अधिक दरों पर हुई**

शहर में कुल 38 हजार 841 रजिस्ट्रियां हुई हैं। जिनमें से कुल 21 हजार 590 रजिस्ट्रियां अत्यधिक दरों पर कराई गई हैं। जबकि सिर्फ दो हजार 41 रजिस्ट्रियां कम दरों पर हुई हैं। अत्यधिक दरों पर हुई रजिस्ट्रियों के आधार पर बैरसिया रोड, अरवलिया, अचारपुरा, अयोध्या बायपास, विदिशा रोड, नरसिंहगढ़ रोड, मुबारकपुर, रायसेन रोड, बावड़िया कलां, गांधीनगर, लालघाटी, बगरोदा, 11 मील के आसपास, नर्मदापुरम रोड, कोलार रोड सहित अन्य स्थान शामिल किए गए हैं जहां पर प्रापर्टी की दरें बढ़ाया जाना प्रस्तावित है।

**चालू वित्तीय वर्ष में 733 स्थानों पर बढ़ाई गई थी दरें**

वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिले की तीन हजार 918 स्थानों में से 733 स्थानों पर प्रापर्टी की दरें बढ़ाई गई थी। जिनमें 10 प्रतिशत तक 409 स्थान पर, 10 से 20 प्रतिशत तक 308 स्थान पर और 25 प्रतिशत तक 16 स्थान पर प्रापर्टी की दरें बढ़ाई गई थी। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तावित कलेक्टर गाइडलाइन तैयार कर ली गई है। इस पर चर्चा के बाद आमजन के लिए प्रस्तावित गाइडलाइन एनआइसी की वेबसाइट और पंजीयन कार्यालयों में उपलब्ध हैं। लोग अपने दावे-आपत्ति तीन मार्च तक कलेक्ट्रेट, पंजीयन कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।




## एड्स पीड़ितों का राशन भी डकार गए धांधलेबाज

# 200 क्विंटल राशन घोटाले में आठ एफआइआर दर्ज

**सिटी चीफ भोपाल**

राजधानी में शासकीय उचित मूल्य की दुकानों (पीडीएस) में राशन वितरण में किस कदर हेरफेर हो रहा है, इसका एक नमूना एड्स पीड़ितों के नाम पर जारी 200 क्विंटल राशन डकारे जाने के रूप में सामने आया है। इस मामले का खुलासा होने के बाद आठ एफआइआर दर्ज की गई हैं। यह एफआइआर जिला नागरिक आपूर्ति शाखा द्वारा अलग -अलग थानों में करवाई गई हैं। जानकारी के अनुसार एड्स पीड़ितों के नाको राशन कार्ड की मदद से दुकानों में राशन की चोरी की गई है।गौरतलब है कि एड्स पीड़ितों की मदद के लिए तीन वर्ष पहले ये कार्ड बनवाए गए थे लेकिन ऐसे कई हितग्राही परिवारों को इसकी सूचना तक नहीं दी गई। किसी ने 150 तो किसी ने 180, 120 एड्स पीड़ितों के राशन कार्ड लगाकर राशन की चोरी की है। भोपाल शहर में 08 पीडीएस दुकानों से करीब 200 क्विंटल से ज्यादा गेहूं, चावल, शकर व अन्य राशन की चोरी हुई है। इस चोरी को पिछले एक वर्ष से अधिक समय से अंजाम दिया जा रहा था। पकड़ में आने के बाद खाद्य विभाग इन पीडीएस दुकानों के संचालकों पर एफआइआर करा रहा है। कुछ दिन पहले कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने खाद्य विभाग को निर्देश दिए थे कि सरकारी राशन चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इन इलाकों में दुकानदारों ने की धांधलेबाजी जिला आपूर्ति नियंत्रक मीना मालाकार ने बताया कि गोविंदपुरा थाने में बुधवार को दुकानदार विनोद गुप्ता के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। इससे पहले हबीबगंज, अशोकागार्डन, पिपलानी, अवधपुरी और कोतवाली थानों में दुकानदारों के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई जा चुकी हैं।



# स्पेशल डीजी के लापता तोते ने उड़ा रखी थी पुलिस की नींद, फिर इस जगह मिला

**सिटी चीफ भोपाल**

मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय में स्पेशल डीजी के पद पर पदस्थ वरिष्ठ आइपीएस अधिकारी शैलेष सिंह के चार इमली स्थित निवास से शनिवार को उनका पालतू तोता लापता हो गया। आइपीएस की सूचना पर कई थानों की पुलिस, वन विभाग के कर्मचारियों सहित बंगले के नौकर चार इमली के घने जंगल में पिछले तीन दिन से तोते की तलाश कर रहे थे।अधिकारी के परिवार ने इंटरनेट मीडिया के अलावा कई स्थानों पर कागज के पोस्टर लगाकर तोते का पता बताने वाले को पांच हजार रुपये का इनाम देने का ऐलान भी किया था। तोताराम का पता नहीं चलने पर परिवार हताश भी होने लगा था। इस बीच बुधवार को शैलेष सिंह के परिवार को फोन के माध्यम से खुशखबरी मिली। पता चला कि उनका तोता कोलार रोड पर रहने वाले एक रिटायर्ड एएसआइ एसके यादव के घर पर सकुशल मौजूद है। आननक्षफानन में वह लोग कोलार पहुंचे। वहां उन्हें तोताराम आराम फरमाते मिले। रिटायर्ड एएसआइ के परिवार से पता चला कि उनकी बेटी को घर की छत पर तोता बैठा हुआ मिला था। जिसे उसने दो दिन से वर्षा से बचाकर अपने घर में शरण दी हुई थी। इंटरनेट मीडिया तोता खो जाने का समाचार मिला। उसमें तोता के मालिक का फोन नंबर भी दिया गया था। संबंधित नंबर पर रिटायर्ड एएसआई के परिवार ने संपर्क किया इस प्रकार स्पेशल डीजे के परिवार को गुम हुआ तोता मिला। जिसके बाद थाना पुलिस और वन विभाग कर्मियों ने राहत की सांस ली।



# केबिन में लोगों के सामने बच्चे से दुष्कृत्य करता रहा उपयंत्री, गिरफ्तार, लोगों ने निकाला जुलूस

**सिटी चीफ भोपाल**

बैरसिया नगर पालिका परिषद के कार्यालय में बच्चे से यौन शोषण का घृणित वीडियो बहुप्रसारित होने के बाद हंगामा मच गया। वीडियो में परिषद का उपयंत्री अपने कार्यालय में लोगों की उपस्थिति में एक बच्चे के यौन शोषण करते दिख रहे है। इस दौरान कमरे में बैठा व्यक्ति वीडियो बनाते जाने के साथ बातचीत भी कर रहा है।वीडियो सामने आते ही पार्षदों ने आरोपित उपयंत्री का जुलूस निकाला और उसे पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि पीड़ित की पहचान की कोशिश की जा रही है। इसके बाद जल्द ही एफआइआर दर्ज की जाएगी। नवदुनिया वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। **वीडियो हुआ वायरल** जानकारी के अनुसार बैरसिया नगर पालिका में कार्यरत उपयंत्री बृजेश सोनी का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें वह एक 10-12 वर्षीय बच्चे के साथ आपत्तिजनक हालत में नजर आ रहा है। वीडियो देखने के बाद लोगों ने कार्यालय के बाहर हंगामा कर दिया। बैरसिया एसडीओपी आनंद कलादागी ने बताया कि नगर पालिका के उपयंत्री बृजेश सोनी के विरुद्ध शिकायत मिली है। वीडियो की सत्यता की जांच कराई जा रही है। वीडियो में दिख रहे किशोर की भी तलाश कर रहे हैं। उसके बयानों और वीडियो की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद एफआइआर दर्ज की जाएगी। **जांच के बाद सहयोगी भी बनेंगे आरोपित** एसडीओपी ने बताया कि वायरल वीडियो के संबंध में जांच की जा रही है। इसके बाद ही उसकी सत्यता की पुष्टि होगी। पुष्टि के आधार पर ही बृजेश के अलावा दिखाई दे रहे दो व्यक्तियों को भी सह आरोपित बनाया जाएगा।इधर बैरसिया नगर पालिका के प्रभारी सीएमओ जाहिद अली ने बताया कि बृजेश सोनी को पुलिस ने हिरासत में ले रखा है। उसके विरुद्ध एफआइआर दर्ज होते ही विभागीय कार्रवाई तय करेंगे।



# भारती कम्युनिकेशन के संचालक पर सीसीआइ व ईडी की छापामार कार्रवाई



**सिटी चीफ भोपाल**

शहर के गुलमोहर इलाके में भारती कम्युनिकेशन के संचालक के घर पर बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात सीसीआइ (भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग) और ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने औचक छापमार कार्रवाई की। विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस कंपनी का संचालक गुरुवेश कुमार वायरलेस सेट की सप्लाई रेलवे, पुलिस और वन विभाग जैसे महकमों में करता है। इन उपकरणों में चाइनीज जासूसी साफ्टवेयर इस्तेमाल किए जाने का शक है। गुरुवेश कुमार इंडियन रेलवे, एमपी और छत्तीसगढ़ पुलिस के अलावा महाराष्ट्र मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के वन विभाग को भी इक्विपमेंट सप्लाई करता है। इस छापामार कार्रवाई में कुछ और केंद्रीय जांच एजेंसियां भी शामिल हो सकती हैं

# स्वराज भवन में आजाद कथा चित्र प्रदर्शनी का अंतिम दिन, शहीद भवन में नाटक मंचन

**सिटी चीफ भोपाल**

शहर में कलात्मक, सांस्कृतिक, सामाजिक, खेल, धार्मिक आदि गतिविधियों का सिलसिला निरंतर चलता रहता है। गुरुवार 29 फरवरी को भी शहर में ऐसी अनेक गतिविधियों का आयोजन होने जा रहा है, जिनका आप आनंद उठा सकते हैं। यहां हम कुछ ऐसे ही चुनींदा कार्यक्रमों की जानकारी पेश कर रहे हैं, जिसे पढ़कर आपको अपनी दिन की कार्ययोजना बनाने में आसानी होगी।माह का प्रादर्श – इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में फरवरी माह के प्रादर्श के रूप में भूटिया समुदाय के आध्यात्मिक उपकरण फुरबा को प्रदर्शित किया जा रहा है। वीथि संकुल में इसे सुबह 11 बजे से शाम छह बजे तक देखा जा सकता है। चित्र प्रदर्शनी – मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय की लिखंदरा दीर्घा में गोंड चित्रकार संतू तेकाम के चित्रों की प्रदर्शनी सह-विक्रय का संयोजन किया गया है। इस प्रदर्शनी को दोपहर 12 बजे से रात आठ बजे तक देखा जा सकता है। बाग प्रिंट उत्सव – बाग (धार) के शिल्पियों द्वारा गौहर महल में बाग प्रिंट उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। तीन मार्च तक चलने वाली इस प्रदर्शनी का समय दोपहर एक बजे से रात दस बजे तक है। आजाद कथा चित्र प्रदर्शनी – स्वराज संस्थान संचालनालय द्वारा अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर स्वराज वीथि में 27 से 29 फरवरी तक आजाद कथा चित्र प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है। चित्र प्रदर्शनी दोपहर 12 से शाम सात बजे तक दर्शकों के अवलोकनार्थ खुली रहेगी। नाटक मंचन – आदम एक्टर्स क्रिएशन की ओर से मायाराम शहीद भवन में दो कहानियों का मंचन किया जाएगा। पहला नाटक है संक्रमण और दूसरा है रिश्ता। दोनों का निर्देशन आदम ने किया है। प्रस्तुति शाम साढ़े छह बजे से आरंभ होगी।



संपादकीय

# अब मां बनने के लिए उम्र का बंधन नहीं, लेकिन...

**दिवंगत पंजाबी गायक शुभदीप सिंह सिद्धू, उर्फ सिद्धू मूसेवाला के घर में जल्द ही नया सदस्य आने वाला है। परिवार के सूत्रों ने कथित तौर पर इसकी पुष्टि की है। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि सिद्धू मूसेवाला की मां चरण कौर गर्भवती हैं। भले ही भारत में आईवीएफ इलाज चाहने वाले कपल के लिए कोई कानूनी आयु प्रतिबंध नहीं है, लेकिन भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद 50 से अधिक उम्र की महिलाओं को भ्रूण प्रत्यारोपित न करने की सलाह देती है।**

दिवंगत पंजाबी गायक शुभदीप सिंह सिद्धू, उर्फ सिद्धू मूसेवाला के घर में जल्द ही नया सदस्य आने वाला है। परिवार के सूत्रों ने कथित तौर पर इसकी पुष्टि की है। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि सिद्धू मूसेवाला की मां चरण कौर गर्भवती हैं। चरण कौर मार्च में बच्चे को जन्म देंगी। सिद्धू मूसेवाला अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे। चरण कौर की उम्र अब 50 साल से ऊपर है। मूसेवाला की 29 मई, 2022 को हत्या कर दी गई थी। लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के प्रमुख सदस्य माने जाने वाले सतविंदर सिंह उर्फ सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ ने उनकी हत्या की जिम्मेदारी ली थी। चरण कौर पहली महिला नहीं है दो अधिक उम्र में प्रेगनेंट हुई हैं। दरअसल वैज्ञानिक विकास के कारण अब मां बनने के लिए अब उम्र का कोई बंधन नहीं रह गया है।

कर्नाटक में 74 साल की एक महिला मां बन चुकी हैं। महिला ने अपनी शादी के 54 साल बाद बच्चे को जन्म दिया। महिला ने साल 2019 में जुड़वा बच्चों को जन्म दिया था। यह उस समय सबसे अधिक उम्र में मां बनने का यह विश्व रिकॉर्ड बना था। महिला का नाम एरामती मंगयाम्मा था। उनकी शादी 22 मार्च 1962 को राजा राव के साथ हुई थी। एरामती और राजाराव गुंटूर के नेलापारथीपाडु इलाके में रहते थे। शादी के बाद इन्होंने संतान के लिए कई प्रयास किए लेकिन संतान नहीं हुई। आखिरकार एक प्राइवेट क्लिनिक में आईवीएफ के जरिये इन्हें मदद मिली। इसके बाद सिजेरियन के जरिये महिला ने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया। इससे पहले पंजाब में 72 साल की एक महिला मां बनी थी। महिला दलजिंदर कौर अमृतसर की रहने वाली थी। दलजिंदर कौर के भी मां में आईवीएफ पद्धति ने भूमिका निभाई थी। साल 2016 में 72 साल की उम्र में मां बनने के बाद दलजिंदक कौर सुर्खियों में आ गई थीं। दलजिंदर कौर की शादी के 46 साल बाद संतान का सुख प्राप्त हुआ था। इससे पहले दो साल तक हरियाणा में उनका इलाज चला था। वह उस समय देश में सबसे अधिक उम्र में मां बनने वाली महिला शामिल थीं। उन्होंने एक लड़के को जन्म दिया था। गुजरात में भी एक 70 साल की महिला साल 2021 में मां बनी थीं। कच्छ की रहने वाली 70 वर्षीय जीवूबेन रबाड़ी ने एक बच्चे को जन्म दिया था। जीवूबेन का बच्चा सीजेरियन से हुआ था। जीवूबेन शादी के 45 साल बाद भी मां नहीं बन पाई थी। आखिरकार उन्होंने विज्ञान की मदद ली। परिवारवालों से आईवीएफ के बारे में जानकारी मिलने के बाद उन्होंने भुज से इलाज शुरू कराया। वहां डॉक्टरों की कोशिशें रंग लाई। उन्होंने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। इस बुजुर्ग कपल ने बच्चे का नाम लालो रखा था। इलाज के लिए वे सप्ताह में दो बार 150 किलोमीटर की दूरी तय करती थीं। इनविट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) में, डोनेट किए गए अंडे और अन्य प्रजनन तकनीकों ने बहुत सी महिलाओं के लिए गर्भावस्था के दरवाजे खोल दिए हैं। सीनियर आईवीएफ एक्सपर्ट्स का कहना है कि बहुत देर होने से पहले महिलाओं को बच्चे पैदा कर लेने चाहिए। अधिक उम्र में मां बनने में मुख्य रूप से बच्चे के लिए हेल्थ से जुड़ी समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है। ऐसे में बुजुर्ग माता-पिता का होना बच्चे के लिए अनुचित होगा, जो शायद लंबे समय तक जीवित न रह सकें। एक्सपर्ट्स कहते हैं कि मां बनने की कोशिश करने वाली महिलाओं के लिए एक निश्चित उम्र होनी चाहिए। महिलाओं के लिए एक निश्चित उम्र के बाद बच्चे पैदा करना अप्राकृतिक है। दिल्ली की एक आईवीएफ एक्सपर्ट का कहना है कि 40 साल से अधिक उम्र की महिलाओं में अंडाशय के दृष्टिकोण से, अंडों की संख्या में गिरावट आती है। अंडों की क्वालिटी खराब होती है। इस वजह से गर्भधारण करना मुश्किल हो जाता है। साथ ही गर्भधारण क्रोमोसोम असामान्यताओं की उच्च दर और गर्भपात की बढ़ती संभावनाओं से जुड़ा हो सकता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि महिलाओं के प्रेगनेंट होने की आदर्श उम्र 21 से करीब 35 साल के बीच की है। दूसरी तरफ, भले ही भारत में आईवीएफ इलाज चाहने वाले कपल के लिए कोई कानूनी आयु प्रतिबंध नहीं है, लेकिन भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद 50 से अधिक उम्र की महिलाओं को भ्रूण प्रत्यारोपित न करने की सलाह देती है।

# मानव और वन्यजीवों के बीच संघर्ष चिंताजनक स्थिति में...



सुनने में तो बहुत अच्छा लग रहा है कि देश में बाघों और तेंदुओं जैसे मांसाहारी जीवों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। कूनो पार्क में विदेश से लाए गए चीतों की वंश वृद्धि की सूचना है। देश में बाघों की संख्या 3683 तक पहुंच गई। लेकिन दूसरी तरफ केरल में वायनाड, कन्नूर, पलक्कड़ और इडुक्की जिलों की मानव वन्यजीव संघर्ष बढ़ गया है।

धरती पर प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने और मानव जीवन के लिए सुख-समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए जितना जरूरी आदमी है, उतने ही जरूरी अन्य जीव जन्तु और पादप भी हैं। इसी तरह हमारे जीवन में बहुत काम आने वाले पालतू पशु जितने जरूरी हैं, उतने ही जरूरी वन्य जीव जंतु भी हैं। इनमें से भी अगर केवल वनस्पतियों पर निर्भर जीव जन्तु ही धरती पर रहेंगे तो यह धरती वनस्पति विहीन हो जाएगी, इसलिए दूसरे जीवों को खाने वाले मांसाहारी जीवों का सही अनुपात में सलामत रहना बहुत जरूरी है। लेकिन दुर्भाग्य से यह प्राकृतिक संतुलन बिगड़ गया है। इस असंतुलन के कारण मानव-वन्यजीव संघर्ष चिन्ताजनक स्थिति जक पहुंच गया है।

सुनने में तो बहुत अच्छा लग रहा है कि देश में बाघों और तेंदुओं जैसे मांसाहारी जीवों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। कूनो पार्क में विदेश से लाए गए चीतों की वंश वृद्धि की सूचना है। देश में बाघों की संख्या 3683 तक पहुंच गई। लेकिन दूसरी तरफ केरल में वायनाड, कन्नूर, पलक्कड़ और इडुक्की जिलों की मानव वन्यजीव संघर्ष की इस सरकारी रिपोर्ट के आंकड़े भी देखिए जिनमें कहा गया है कि 2022-23 में इन जिलों में 8,873 जंगली जानवरों के हमले दर्ज किए गए, जिनमें से 4193 जंगली हाथियों द्वारा, 1524 जंगली सूअरों द्वारा, 193 बाघों द्वारा, 244 तेंदुओं द्वारा और 32 बाइसन द्वारा किए गए थे।

उत्तराखण्ड की राजधानी के कुछ इलाकों में लोगों को रात को घरों से न निकलने की सलाह प्रशासन द्वारा दी गई है। मुख्यमंत्री ने राज्य में गुलदारों के बढ़ते हमलों को देखते हुए वन विभाग के कर्मचारियों की छुट्टियों पर रोक लगा रखी है।

श्रीनगर गढ़वाल में तो मानों गुलदारों को रात का पहरा देने की ड्यूटी लगी हो। देहरादून महानगर के आसपास जनवरी और फरवरी में मानवभक्षी तेंदुए तीन लोगों को निवाला बना चुके हैं।

वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री अश्वनि कुमार चैबे द्वारा जुलाई 2022 में लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में दी गई लिखित जानकारी के अनुसार हाथियों ने 2019 से लेकर 2022 तक देश में 1,579 मनुष्यों को मार डाला। इनमें से सबसे अधिक 322 मौतें ओडिशा में हुईं, इसके बाद झारखंड में 291, पश्चिम बंगाल में 240, असम में 229, छत्तीसगढ़ में 183 और तमिलनाडु में 152 मौतें हुईं।

2019 और 2021 के बीच बाघों ने अभयारण्यों में 125 मनुष्यों को मार डाला। इनमें से लगभग आधी मौतें महाराष्ट्र में हुईं। उत्तराखंड में हर साल मानव पशु संघर्ष बढ़ रहा है। राज्य गठन के वर्ष 2000 से लेकर 2022 तक, कुल 1,054 लोग वन्यजीवों के हमलों का शिकार हुए, 5,112 व्यक्ति ऐसे हमलों में घायल हुए। उत्तराखण्ड में गुलदारों की संख्या निरन्तर बढ़ती जा रही है और मानजीवन के लिए सर्वाधिक खतरा ये गुलदार ही बने हुए हैं।

इस संकट के लिए बेजुबान वन्यजीवों को अकेले दोषी ठहराना न तो न्यायसंगत है और न ही इससे कोई हल निकल सकता है। देखा जाए तो मनुष्य ही इस संघर्ष के लिए ज्यादा जिम्मेदार है। मानव आबादी बढ़ते जाने से उसका वन्यजीव आवासों में विस्तार होता जा रहा है जिससे वन्यजीवों के आवास की हानि और विखंडन हो रहा है। यह स्थिति वन्यजीवों को मानव बहुल क्षेत्रों में भोजन और आश्रय खोजने के लिए मजबूर करती है, जिससे संघर्ष की संभावना बढ़ जाती है।

वनों की कटाई, कृषि और शहरीकरण जैसे भूमि उपयोग परिवर्तन वन्यजीव आवास और प्रवास पैटर्न को बदल देते हैं, जिससे जानवर मानव बस्तियों के निकट संपर्क में आ जाते हैं। जलवायु परिवर्तन पारिस्थितिक तंत्र को बदल रहा है और वन्यजीवों के व्यवहार, वितरण और भोजन की उपलब्धता को प्रभावित कर रहा है। इससे जानवरों की गतिविधियों और सीमाओं में परिवर्तन हो सकता है।

अवैध शिकार और वन्यजीव व्यापार जैसी अवैध गतिविधियां पारिस्थितिक तंत्र को बाधित करती हैं और वन्यजीव आबादी को कम कर सकती हैं, जिससे संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है और मनुष्यों के साथ संघर्ष हो सकता है।

मानवीय गतिविधियां बढ़ने से प्राकृतिक शिकार की आबादी को खत्म कर देती हैं। इससे मांसाहारी जीव घरेलू जानवरों को निशाना बनाने के लिए मजबूर हो जाते हैं। सड़कें, बाड़ और अन्य मानव निर्मित संरचनाएं वन्यजीव गलियारों और प्रवास मार्गों को बाधित करती हैं, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की संभावना बढ़ जाती है, जो समुदाय अपनी आजीविका के लिए प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं, उन्हें वन्यजीवों के साथ संघर्ष का सामना करना पड़ता है।

इधर, कुछ मामलों में, वन्यजीव व्यवहार के बारे में जागरूकता की कमी और अपर्याप्त शमन उपाय संघर्षों में योगदान कर सकते हैं। संघर्षों को कम करने के लिए शिक्षा और सामुदायिक सहभागिता आवश्यक है।

वन्यजीव प्रायः लोगों की सुरक्षा, आजीविका और सुख सुविधाओं के लिए सीधा खतरा पैदा करते हैं। उदाहरण के लिए जब हाथी फसलों को खा जाते हैं, गुलदार और बाघ पालतू पशुओं को मार देते हैं, तो लोग अपनी आजीविका खो सकते हैं।

हिसंक जीव मानव संहार भी करते हैं तो मानव द्वारा इन प्रजातियों के खिलाफ अक्सर प्रतिशोध होता रहता है। यह प्रतिशोध किसी प्रजाति के अस्तित्व के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है और पिछली संरक्षण प्रगति को उलट सकता है।

मानव जनसंख्या वृद्धि, कृषि विस्तार, बुनियादी ढांचे के विकास, जलवायु परिवर्तन और निवास स्थान के नुकसान के अन्य कारकों के कारण मानव-वन्यजीव संघर्ष अधिक लगातार, गंभीर और व्यापक होते जा रहे हैं।

मानव-वन्यजीव संघर्ष वहां भी हो सकता है जहां वन्यजीव और मानव आबादी ओवरलैप होती है, इसलिए कोई भी कारक जो वन्यजीव और लोगों को निकट संपर्क में आने के लिए मजबूर करता है, संघर्ष की संभावना को और अधिक बढ़ा देता है।

अब तक किए गए अधिकांश कार्यों में लोगों पर प्रभाव को कम करने के लिए हस्तक्षेप और वन्यजीवों के खिलाफ प्रतिशोध जैसे बाधाएं पैदा करना, निवारक तैनात करना या वन्यजीवों को स्थानांतरित करना शामिल है। हितधारकों के साथ परामर्शात्मक, सहयोगात्मक प्रक्रियाओं के अभाव में, इन उपायों को अक्सर सीमित सफलता मिलती है।

मानव-वन्यजीव संघर्ष को संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन ऑन बायोलॉजिकल डायवर्सिटी के 2020 के बाद के वैश्विक जैव विविधता ढांचे में एक वैश्विक चिंता के रूप में मान्यता दी गई है। विशेज्ञों द्वारा ऐसे कई दृष्टिकोण और उपाय सुझाये गये हैं जिनसे क्षति या प्रभाव को कम करने, तनाव कम करने, आय और गरीबी के जोखिमों को दूर करने और स्थायी समाधान विकसित करने के लिए अपनाए जा सकते हैं। इन सुझावों में वन्यजीवों को बस्तियों में आने से रोकने के लिये बाधाएं (बाड़, जाल, खाइयां), रखवाली और पूर्व-चेतावनी प्रणालियां, निवारक और विकर्षक (सायरन, रोशनी, मधुमक्खी के छत्ते), स्थानान्तरण (वन्यजीवों को स्थानांतरित करना), मुआवजा या बीमा, जोखिम कम करने वाले विकल्प प्रदान करना, साथ ही प्रबंधन भी शामिल हैं। ऐसे उपायों की प्रभावी योजना और कार्यान्वयन के लिए प्रभावित समुदायों के सहयोग से समुदाय के नेतृत्व वाले संरक्षण में अच्छे सिद्धांतों पर विचार करने की आवश्यकता होती है। स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र और लोगों को प्रदान की जाने वाली महत्वपूर्ण सेवाएँ वन्य जीवन पर निर्भर करती हैं। इसलिए मानव-वन्यजीव संघर्षों का प्रबंधन संयुक्त राष्ट्र के जैव विविधता विजन 2050 को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण है जिसमें मानवता प्रकृति के साथ सद्भाव में रहती है और जिसमें वन्यजीव और अन्य जीवित प्रजातियां संरक्षित हैं।

# नई रेल परियोजनाएं बढ़ती आबादी की जरूरत...

देश का राजनीतिक परिदृश्य आम चुनाव के रंग में रंगता नजर आ रहा है। लगातार नई योजनाओं के शिलान्यास, घोषणाएं और उद्घाटन उसकी बानगी है। निस्संदेह, विकास में तेजी देश की जरूरतों और रोजगार के लिये अपरिहार्य है। सोमवार को प्रधानमंत्री द्वारा दो हजार रेलवे ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास सुखद कहा जाना चाहिए। उन्होंने देश में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये इकतालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की करीब दो हजार परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसमें प्रधानमंत्री अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 553 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास भी शामिल था। देश के 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के इन स्टेशनों पर करीब उन्नीस हजार करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास किया जाना है। निस्संदेह, देश की बढ़ती आबादी की जरूरतों तथा स्टेशनों के आधुनिकीकरण की आवश्यकता के चलते यह आवश्यक हो गया है कि रेलवे स्टेशनों को सुविधाजनक बनाया जाए। इसमे दो राय नहीं कि रेल विभाग की खस्ता हालत के लिये सस्ती राजनीति भी जिम्मेदार रही है, जिसकी तरफ प्रधानमंत्री ने इशारा भी किया है। विगत में देखा गया कि गठबंधन सरकारों के दौर में रेल मंत्री का पद हासिल करने के लिए दबाव की राजनीति की जाती थी। जिसका मकसद नेताओं का अपने संसदीय क्षेत्र की जनता के लिए विशेष ट्रेन चलाना और अपने इलाके के अपने समर्थक बेरोजगारों को नियम-कानून ताक पर रखकर रेलवे में भर्ती करना होता था। यह एक हकीकत है कि दुनिया के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्क्स में शुमार होने के बावजूद न तो रेल सेवा की गुणवत्ता बन पायी और न ही आर्थिक रूप से रेलवे मजबूत बन पाया। निस्संदेह, आम लोगों की सुविधा के मद्देनजर रेल के किराये काफी कम हैं। जब भी गुणवत्ता को बनाये रखने के मकसद से रेल के किराये में वृद्धि का प्रस्ताव आता था तो राजनेताओं द्वारा उसे चुनावी मुद्दा बना लिया जाता था। निस्संदेह, गुणवत्ता की रेल सेवा बनाने के लिये यात्रियों के योगदान की भी जरूरत है।

बहरहाल, इसके बावजूद आज देश में सामान्य रेल यात्रा को पूरी तरह सुविधाजनक व सुरक्षित नहीं कहा जा सकता है। आये दिन रेल दुर्घटनाएं और मानवीय चूक की खबरें सामने आती रहती हैं। हाल ही में खबर आई थी कि गत पच्चीस फरवरी को जम्मू के कठुआ रेलवे स्टेशन पर एक मालगाड़ी बिना ड्राइवर के चल पड़ी थी। यह ट्रेन बिना ड्राइवर व गार्ड के साठ किलोमीटर की रफ्तार से चल पड़ी थी। इसे तब रोका जा सका जब यह करीब डेढ़ घंटे का सफर तय करके एक छोटे स्टेशन पर पहुंच चुकी थी। गनीमत यह रही कि इसके रास्ते में कोई दूसरी ट्रेन नहीं आई और एक बड़ा हादसा टल गया। बताते हैं कि कठुआ स्टेशन पर ड्राइवर व गार्ड को बदला जाना था, लेकिन ड्यूटी खत्म कर रहा ड्राइवर मालगाड़ी में हैंड ब्रेक लगाना भूल गया। यद्यपि इस आपराधिक लापरवाही के चलते स्टेशन मास्टर समेत छह अधिकारियों व कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया लेकिन यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि भविष्य में ऐसी कोताही न बरती जाए। निस्संदेह, यह घटना बताती है कि रेलवे की कार्यशैली में बदलाव की आवश्यकता है वहीं चालक और स्टाफ को अधिक सतर्क व जवाबदेह बनाने की जरूरत है। निस्संदेह, रेलवे के ढांचे का विस्तार व आधुनिकीकरण समय की मांग है, लेकिन पहले पुराने रेलवे के ढांचे को सुरक्षित व फुलप्रूफ बनाने की जरूरत है। वहीं रेलवे की पटरियों के रखरखाव के साथ ही रेलवे स्टाफ को इसके परिचालन में अतिरिक्त सावधानी की दरकार है। निस्संदेह, रेल परिचालन में एक छोटी चूक सैकड़ों लोगों के जीवन पर संकट उत्पन्न कर सकती है। इसके साथ ही आवश्यक है कि सर्दी के मौसम में कोहरे की वजह से बाधित होने वाले रेलवे यातायात को सुचारु रूप से चलाने के लिये आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाए। तब सर्दी के मौसम की चरम अवस्था में रेल सेवाओं में विलंब और ट्रेन कैंसिल होने की स्थिति को टाला जा सकेगा। देश की दीर्घकालीन जरूरतों और बढ़ती आबादी की आवश्यकताओं के अनुरूप रेलवे के ढांचे में व्यापक परिवर्तनों की जरूरत है।

# डिजिटलीकरण के इस दौर में चुनौती बन रहे हैं वैश्वक बदलाव, जटिल होती गई है हदबंदी

वित्तमंत्री की अध्यक्षता में हाल ही में वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (एफएसडीसी) की बैठक हुई। यह परिषद की 28वीं बैठक थी। उल्लेखनीय है कि वित्तीय स्थिरता बनाए रखने, अंतर-नियामक समन्वय बढ़ाने और वित्तीय क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने की व्यवस्था को मजबूत और संस्थागत बनाने के लिए एफएसडीसी का गठन 2010 में एक शीर्ष निकाय के रूप में किया गया था। वैश्विक स्तर पर मुद्रास्फीति का उच्च स्तर पर बने रहना, कमजोर वैश्विक मांग और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान वर्तमान समय की सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। ऐसे में परिषद के विचार-विमर्श को बढ़ती वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, ब्रिटेन, जापान व कुछ अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में दस्तक देती मंदी के संदर्भ में ही देखा जाना चाहिए। बढ़ते वैश्विक कर्ज और वित्तीय बचत में गिरावट वाले परिदृश्य में वित्तीय स्थिरता संबंधी मुद्दे गंभीर रूप से महत्वपूर्ण हो गए हैं। भारत के लिए भी कुछ चिंताएं अवश्य हैं, क्योंकि यहां का कर्ज-जीडीपी अनुपात, जो कोविड के दौरान अपने शिखर पर था, तेजी से गिरा जरूर है, लेकिन अब भी यह कोविड से पहले के समय की तुलना में ज्यादा है। वृहत राजकोषीय स्थिरता पर नजर रखना एफएसडीसी के प्रमुख कार्यों में से एक है। ऐसे में, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 28 दिसंबर, 2023 को प्रकाशित वित्तीय स्थायित्व रिपोर्ट (एफएसआर) के प्रमुख निष्कर्षों का उल्लेख भी जरूरी है। एफएसआर दरअसल एफएसडीसी की एक उप-समिति की रिपोर्ट है, जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय बैंक के गवर्नर करते हैं। एफएसआर के जो निष्कर्ष होते हैं, वे दरअसल वित्तीय स्थिरता के जोखिमों और भारतीय वित्तीय प्रणाली के लचीलेपन पर एफएसडीसी की उप-समिति के सामूहिक मूल्यांकन को ही प्रकट करते हैं। उप-समिति का कहना है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था धीमी वृद्धि के खतरे, बढ़ते सार्वजनिक कर्ज, बढ़ते आर्थिक विखंडन और लंबे खिंचते भू-राजनीतिक संघर्षों जैसी कई चुनौतियों का सामना कर रही है। रिपोर्ट में इस पर भी प्रकाश डाला गया कि घरेलू नियामक उपाय वित्तीय प्रणाली के प्रणालीगत जोखिमों को कम करते हुए किस प्रकार से ग्राहक सुरक्षा, सुरक्षित डिजिटलीकरण और वित्त के विस्तार जैसी दूसरी चीजों में सुधार पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। वृहत राजकोषीय जोखिम विश्लेषण पर एफएसआर की रिपोर्ट कहती है कि भारत में वित्तीय बचत में गिरावट के साथ-साथ परिवारों की वित्तीय देनदारियों में तेज बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार 2021-22 और 2022-23 के बीच जीडीपी अनुपात में वित्तीय देनदारियां 3.8 से लेकर 5.8 फीसदी तक पहुंच गईं। हालांकि रिपोर्ट में यह भी देखा गया कि शुद्ध घरेलू वित्तीय बचत 2022-23 की चौथी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद का सात फीसदी हो गई, जो पिछली तिमाही में जीडीपी का चार फीसदी थी। एफएसडीसी के हालिया विचार-विमर्श को एफएसआर के निष्कर्षों के सामने रखकर ही देखना चाहिए। वृहत राजकोषीय स्थिरता बनाए रखने और घरेलू क्षेत्र से उत्पन्न होने वाले प्रणालीगत जोखिमों को कम करने के लिए 2022-23 की चौथी तिमाही में देखी गई बचत में वृद्धि को समय के साथ बनाए रखने और बढ़ाने की भी जरूरत है। खासकर जब घरेलू देनदारियां बढ़ रही हों, तब इस क्षेत्र में भविष्य के वित्तीय जोखिमों के संबंध में सक्रिय उपाय और निरंतर निगरानी बेहद महत्वपूर्ण है। चूंकि घरेलू बचतें निजी क्षेत्र में निवेश के लिए वित्त का प्रमुख स्रोत हैं, और समग्र सरकारी उधार कार्यक्रम का आधार भी हैं, इसलिए भारत के समग्र व्यापक आर्थिक प्रदर्शन में इनकी भूमिका पर जरूरत से ज्यादा जोर नहीं दिया जा सकता। निजी क्षेत्र को ज्यादा संसाधन उपलब्ध कराने के लिए राजकोषीय सुदृढ़ीकरण पर ज्यादा ध्यान देना होगा, खासकर जब घरेलू वित्तीय बचत में गिरावट दिख रही हो। राजकोषीय सुदृढ़ीकरण के लिहाज से अंतरिम बजट 2024-25 के आंकड़े उत्साहवर्धक हैं। हालांकि सरकारी कर्ज में निरंतर कमी सार्वजनिक क्षेत्र से उत्पन्न होने वाले राजकोषीय जोखिमों को कम करने में प्रमुख भूमिका निभाएगी। एफएसडीसी की बैठक में व्यापक राजकोषीय जोखिमों पर निरंतर निगरानी की जरूरत के अलावा समावेशी आर्थिक विकास का समर्थन करने के लिए वित्तीय क्षेत्र के अंतर-नियामक समन्वय को मजबूत करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया है। परिषद ने वित्तीय क्षेत्र में केवाइसी प्रक्रिया को सरल व डिजिटल बनाने के लिए रणनीति तैयार करने और ऑनलाइन ऐप के जरिये हो रहे अनधिकृत कर्ज को रोकने के लिए रणनीति तैयार करने का भी निर्णय लिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बैंक समेत वित्तीय क्षेत्र के नियामकों से ऑनलाइन ऐप के जरिये अनधिकृत कर्ज लिए जाने के प्रसार पर नियंत्रण करने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने को भी कहा। परिषद ने सामाजिक स्टॉक एक्सचेंजों के माध्यम से सामाजिक उद्यमों द्वारा धन जुटाने की शुरुआत करने का भी फैसला किया। 'सामाजिक स्टॉक एक्सचेंज' दरअसल सेबी के विनियमन के तहत इलेक्ट्रॉनिक फंड जुटाने वाला एक मंच है। समावेशी विकास और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए 2019-20 के बजट में इसकी घोषणा की गई थी। सामाजिक स्टॉक एक्सचेंज का विचार सामाजिक कल्याण की दिशा में काम कर रहे सामाजिक उद्यमों व स्वैच्छिक संगठनों को सूचीबद्ध करता है, ताकि वे इक्विटी, कर्ज या म्यूचुअल फंड जैसी इकाइयों के रूप में पूंजी जुटा सकें। निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि तेजी से बदलती वैश्विक आर्थिक व्यवस्था और बढ़ते डिजिटलीकरण के दौर में वित्तीय विनियमन कुछ साल पहले की तुलना में ज्यादा जटिल हो गया है। ऐसे में, विनियामक उपायों को विकसित करने के लिए जरूरी है कि तेजी से बदलती सीमाहीन वित्तीय दुनिया से भारतीय वित्तीय क्षेत्र खुद को बचाए। आज वैश्विक आर्थिक परिदृश्य क्रिप्टो-परिसंपत्तियों, साइबर जोखिमों और उभरती तकनीकों जैसे कई विकासों से गुजर रहा है, जो एफएसआर की रिपोर्ट में उल्लिखित भी हैं।

# अंधविश्वासी हो गए थे इमरान हाशमी 8 और 13 नंबर से रहते थे दूर



**मुंबई ।** इमरान हाशमी जल्द ही वेब सीरीज शोटाइम में नजर आने वाले हैं और इसके लिए वह खूब जोर-शोर से प्रमोशन कर रहे हैं। इसी दौरान इमरान ने बताया कि एक वक्त था जब वह बहुत अंधविश्वासी हो गए थे। इतना ही नहीं वह जब किसी होटल में रहते थे शूटिंग के दौरान तो डायरेक्टर्स और प्रोड्यूसर्स को स्पेशयली नंबर में डिजिट जोड़ने का निर्देश देते थे। अगर नंबर जुड़ने पर 8 या 13 बनता तो इमरान उनसे दूर रहते।

**क्यों रहते 8-13 नंबर से दूर**

इमरान ने पिंकविला से बात करते हुए बताया, 'मैं कुछ ऑब्सेस हो गया था इससे। मुझे उस पॉइंट पर ओसीडी हो गया था। मुझे 8 और 13 नंबर से दिक्कत थी। मुझे लगता था 8 नंबर मेरे लिए सही नहीं है। यही वजह है कि मैं प्रोड्यूसर और डायरेक्टर्स से बोलता कि मुझे इन नंबर से जुड़े कमरे में नहीं रहना है।'

**पहली फिल्म बतौर सपोर्टिंग एक्टर**

बता दें कि इससे पहले इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए इमरान ने अपनी डेब्यू फिल्म के बारे में बात करते हुए बताया था कि पहली फिल्म में उन्हें सपोर्टिंग रोल मिला था जबकि फिल्म परिवार के सदस्य ही बना रहे थे। वह बोले, 'मेरी मां बहुत डरी हुई थी मेरे लिए। लेकिन फिर उन्हें लगा ओके एक बार ट्राय करने देना चाहिए। मेरी पहली फिल्म बतौर सपोर्टिंग एक्टर थी। जिस फिल्म में काम कर रहा था वो तब छोटी फिल्में बना रही थी। लेकिन हम बोल्ड कंटेंट से दूर थे। फिल्म सक्सेसफुल रही। वो छोटी बजट की फिल्में फिर मीडियम बजट की हुई और बाद में बड़े बजट की।'

**शोटाइम**

इमरान की सीरीज शोटाइम की बात करें तो इसमें इमरान के साथ मौनी रॉय, नसीरुद्दीन शाह, श्रेया सरन, महिमा मकवाना, राजीव खंडेलवाल और विजय राज भी हैं। सीरीज को मिहिर देसाई और अरचित कुमार डायरेक्ट कर रहे हैं और प्रोड्यूस करण जौहर, अपूर्व मेहता, सोमेन मेहता और मिहिर देसाई।

# किरण राव ने बताया की एक्स पति आमिर खान के स्टार पावर को कैसे यूज करती थी

## कहा- मैंने बेशर्म होकर



**नई दिल्ली ।** किरण राव इन दिनों अपनी फिल्म लापता लेडीज को लेकर छाई हुई हैं। फिल्म को किरण ने डायरेक्ट किया है और एक्स पति आमिर खान ने इसे प्रोड्यूस किया है। आमिर ने भी फिल्म के प्रमोशन में किरण की बहुत मदद की है। इतना ही नहीं आमिर हर जगह किरण की ताकत बनकर खड़े रहे हैं। अब किरण ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान बोला कि उन्होंने अपने एक्स पति को यूज किया है।

**क्यों किया आमिर का यूज**

बॉलीवुड बबल से बात करते हुए किरण ने कहा, 'हां बिल्कुल मैंने उनकी स्टार पावर का पूरा इस्तेमाल किया जितना हो सकता है। मैं बोलती थी आप यहां हो तो प्लीज खड़े हो जाए और हमें फोटोज दे दो। दरअसल, हमारी छोटी फिल्म है और मैं चाहती थी कि मैं वो सब करूं जिससे मैं लोगों को बोल सकूं कि देखिए 1 मार्च को यह फिल्म आ रही है जो आमिर खान ने बनाई है। मैंने बेशर्म होकर उन्हें यूज किया है।'

**रिश्तों पर बोलीं किरण**

आमिर का भले ही किरण से तलाक हो गया हो, लेकिन दोनों आज भी परिवार की तरह एक-दूसरे के साथ खड़े होते हैं। कुछ दिनों पहले जब आमिर की बेटी आइरा की शादी हुई तब किरण ने भी शादी में अपनी जिम्मेदारी निभाई। इतना ही नहीं आमिर की पहली पत्नी रीना दत्ता के साथ भी किरण का बर्ताव अच्छा दिखा। दोनों एक-दूसरे के साथ फोटोज क्लिक करवातीं या एक-दूसरे को हग करतीं। इस पर किरण ने कहा था, हम कुछ बॉन्ड बनाने की कोशिश नहीं करते हैं। हमारे बीच सब नेचुरल है। ऐसे ही हैं हम, लोगों को यह अजीब लगता है, लेकिन हम हमेशा से क्लोज थे और आगे भी रहेंगे।

**बच्चे के लिए दोनों साथ**

इससे पहले किरण ने आमिर के साथ तलाक पर बात करते हुए एक इंटरव्यू में बताया कि कोविड के दौरान ही आमिर और किरण आराम से अलग हो गए थे। बेटे आजाद के लिए ही दोनों ने यह फैसला लिया। तलाक के बाद भी दोनों मिलकर बच्चे की परवरिश करते हैं। किरण का कहना है कि शादी का रिश्ता तोड़ने के बाद दोनों ने अपने रिश्ते को रीडिफाइन किया। फोकस सिर्फ यही था कि उनके पब्लिक ब्रेकअप से आजाद को दिक्कत ना हो।

# जावेद अतर मानहानि केस में बोलीं एट्रेस कंगना रनौत ने कोर्ट को बताया मुझे भी आया था सुसाइड करने का विचार





**नई दिल्ली ।** कंगना रनौत और जावेद अख्तर की कानूनी (लड़ाई कई साल से चल रही है। जावेद ने कंगना के खिलाफ आपराधिक मानहानि शिकायतकी थी जिसकी सुनवाई में कंगना कठघरे में खड़ी हुईं। शिकायत 2020 में सुशांत सिंह राजपूत की कथित आत्महत्या के बाद रानौत के एक टीवी इंटरव्यू से जुड़ा है। इस दौरान कंगना ने कोर्ट को बताया कि सुशांत ने शिकायत की थी कि फिल्म इंडस्ट्री में आउटसाइडर को कैसे परेशान किया जाता है। मैंने भी उतपीड़न की शिकायत की जो फिल्म इंडस्ट्री में झेलती हूं बतौर आउटसाइडर।

**कंगना को आया आत्महत्या का विचार** कंगना ने इस दौरान यह भी बताया कि उनके मन में भी आत्महत्या का विचार आया था। जब मुझे सुशांत के आत्महत्या के बारे में पता चला तो मुझपर इसका काफी असर पड़ा था। कंगना ने बताया कि 2016 में जब उनकी और ऋतिक की कॉन्ट्रोवर्सी चल रही रही थी तब जावेद अख्तर ने उन्हें अपने घर बुलाया और धमकी दी। हालांकि जावेद ने एक्ट्रेस के इस दावे को गलत बताया।

**इस वजह से लिया जावेद का नाम** कंगना का कहना है कि इस मीटिंग के बाद वह काफी डिप्रेस हो गई थीं। कंगना ने सफाई दी कि इंटरव्यू के फ्लो में उन्होंने जावेद अख्तर का नाम ले लिया था। कंगना का यह भी कहना है कि उस इंटरव्यू के जरिए वह लोगों को बताना चाहती थीं कि आउटसाइडर्स को फिल्म इंडस्ट्री में किस तरह ट्रीट किया जाता है। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि उनका नेचर नहीं है कि वह उन्हें टारगेट करें जो उन्हें टारगेट करता है। कंगना को अब जावेद के वकील द्वारा क्रॉस एग्जामिनेशन किया जाएगा अगली डेट पर। इससे पहले कंगना ने कोर्ट के सवालों का जवाब देने के लिए अपना बयान दर्ज करवाया था। बता दें कि कंगना ने भी साल 2021 में काउंटर कम्पलेंट दर्ज की थी जिसकी सुनवाई फिलहाल रुकी है क्योंकि जावेद अख्तर ने इसे डिंडोशी सेशन कोर्ट में चुनौती दी थी।

# फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां का सॉन्ग 'मस्त मलंग झूम' रिलीज



**मुंबई।** आगामी एक्शन थ्रिलर 'बड़े मियां छोटे मियां' का दूसरा गाना 'मस्त मलंग झूम' अब रिलीज हो गया है। इस गाने को अरिजीत सिंह, विशाल मिश्रा और निखिता गांधी ने गाया है। इसे विशाल मिश्रा ने कंपोज किया है, जबकि इरशाद कामिल ने इसके बोल लिखे हैं। एक्टर्स ने गाने को अपने-अपने सोशल हैंडल पर शेयर किया है। अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' का लेटेस्ट ट्रैक रिलीज हो गया है। यह एक हाई-एनर्जी गाना है जिसमें आकर्षक बोल और अरिजीत सिंह की आवाज है। मस्त मलंग झूम गाने में अक्षय और टाइगर दोनों प्रभावशाली डांस करते नजर आ रहे हैं। इस गाने की खास बात ये है कि 'बड़े मियां छोटे मियां' से पहली बार सोनाक्षी सिन्हा का लुक सामने आया है। यह गाना रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गया। इतना ही नहीं सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि मस्त मलंग झूम को फिल्म आरआरआर के नाटू नाटू से कॉपी किया गया हैं।पूजा एंटरटेनमेंट फिल्म्स की निर्मित इस फ़िल्म का अली अब्बास जफर ने निर्देशित किया है। फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के अलावा मानुषी छिल्लर, अलाया एफ, सोनाक्षी सिन्हा और रोनित रॉय अहम भूमिका में नजर आएंगे।

# अनन्या पांडे ने दी खुशखबरी बनने जा रहीं है मौसी....



**मुंबई।** एक्ट्रेस अनन्या पांडे की चचेरी बहन अलाना पांडे पिछले साल इवोर मैक के साथ शादी के बंधन में बंधी थीं। अब शादी के एक साल बाद अलाना मां बनने वाली हैं। ऐसे में अनन्या भी मौसी बन जाएंगी। यह खुशखबरी अनन्या ने सोशल मीडिया के जरिए शेयर की है। अनन्या पांडे ने अपनी इंस्टाग्राम पर शेयर किया कि उनकी बहन अलाना मां बनने वाली हैं। अनन्या ने अलाना और उनके पति का एक खूबसूरत वीडियो शेयर करते हुए कहा, मैं अब मौसी बनने वाली हूं।अलाना के प्रेग्नेंट होने से उनकी बहन अनन्य बेहद खुश हैं। हाल ही में उन्होंने एक मैटरनिटी फोटोशूट कराया। इस फोटोशूट में अलाना अपने पति के साथ जंगल में पोज देती नजर आईं। अनन्या ने उसी फोटोशूट का वीडियो बनाकर यह खुशखबरी दी है। अलाना चंकी पांडे के भाई चिक्की पांडे और फिटनेस प्रशिक्षक डीन पांडे की बेटी हैं। अनन्या की चचेरी बहन पेशे से एक मॉडल और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं। जबकि अनन्या के जीजू इवोर एक फोटोग्राफर व वीडियोग्राफर हैं। अलाना और इवोर ने शादी से पहले दो साल तक एक-दूसरे को डेट किया। इसके बाद इवोर ने मालदीव में अलाना को प्रपोज किया। फिर दोनों 2021 में हिंदू रीति-रिवाज से शादी के बंधन में बंध गए।

# साउथ एक्ट्रेस ने पहले शादी को छुपाया, फिर फैंस को दिया सरप्राइज

नई दिल्ली। साउथ में ऐसे कई सेलेब्स हैं जो अपनी लव लाइफ या अफेयर्स को लेकर सुर्खियों में रहते हैं. कुछ की शादियां सुर्खियों में रहती हैं, तो कभी होने वाले कपल सुर्खियों में रहते हैं, लेकिन 42 साल की एक नाम एक्ट्रेस ने गुपचुप शादी की और लोगों को इसकी हवा भी नहीं लगना दी. शादी के करीब 1 महीने के बाद उन्होंने फैंस के सामने न सिर्फ ये खुलासा किया बल्कि अपने पति की झलक भी फैंस को दिखाई. साथ ही उन्होंने पीएम मोदी का भी धन्यवाद किया. मलयालम एक्टर लीना ने इंस्टाग्राम पर एक चौंकाने वाला खुलासा किया है. लीना ने घोषणा की कि उन्होंने अपने हमसफर को चुन लिया है. 42 साल ही इस एक्ट्रेस ने गुपचुप शादी क्यों की और किसको जीवनसाथी बनाया इसका भी उन्होंने फैंस के साथ खुलासा किया और कहा कि वह 'इस पल का इंतजार कर रही थीं.' मलयालम एक्ट्रेस लीना ने एक वीडियो साझा किया, इसके साथ उन्होंने बताया कि प्रशांत बालकृष्णन नायर से शादी कर ली है. प्रशांत बालकृष्णन नायर के ह्यूमन स्पेसफ्लाइट मिशन, जिसका नाम 'गगनयान' है, उसके लिए चुना गया है. उन्होंने अपनी शादी की बात को चुपाए रखा. जब प्रधानमंत्री द्वारा गगनयान मिशन के लिए 4 नामों का ऐलान किया तो एक्ट्रेस ने भी इस खुशी को दोगुना करते हुए शादी की बात का खुलासा कर दिया. एक्ट्रेस स्टाग्राम पर बताया कि उन्होंने 17 जनवरी, 2024 को शादी कर ली थी. उनके पति कोई और नहीं, बल्कि ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्ण नायर हैं, जो भारतीय वायु सेना में एक टेस्ट पायलट हैं.

# क्या सच में शादी कर रही हैं तापसी पन्नू? एक्ट्रेस ने तोड़ी चुप्पी



**नई दिल्ली-** बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू अचानक से सुर्खियों में आ गईं. एक रिपोर्ट में बताया गया कि वो अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड बैडमिंटन प्लेयर मैथियास बोए से शादी करने जा रही हैं. इस खबर के सामने आने के बाद हर तरफ उनकी शादी की चर्चा शुरू हो गई. उनके होने वाले पति से लेकर उनके वेडिंग वेन्यू तक, इस तरह की कई चीजों की चर्चा होने लगी. इसी बीच अब इसपर खुद तापसी पन्नू ने रिएक्ट किया है.एक इंटरव्यू में उनसे उनकी शादी की चल रही चर्चा को लेकर सवाल किया गया. हालांकि इसपर उन्होंने कुछ भी साफ-साफ नहीं बताया. उन्होंने बस इतना कहा, अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर मैंने कभी भी सफाई नहीं दी है और ना मैं कभी दूंगी. उनके इस जवाब से कुछ क्लियर नहीं हो रहा है कि वो शादी कर रही हैं या नहीं. रिपोर्ट में बताया गया था कि तापसी और मैथियास मार्च में उदयपुर में शादी करने वाले हैं. कहा गया है कि इस शादी में सिर्फ परिवार वाले और करीबी दोस्तों की ही मौजूदगी होगी, इसलिए बॉलीवुड सितारों की शिरकत नहीं होगी. ये भी कहा गया कि सिख और ईसाई धर्म के रीति-रिवाज के अनुसार दोनों शादी करने वाले हैं. बता दें, कि मैथियास बोए डेनमार्क के पूर्व बैडमिंटन प्लेयर हैं, जिन्होंने चार साल पहले साल 2020 में ही संन्यास लिया है.बहरहाल, अगर पर्सनल लाइफ से परे तापसी पन्नू की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वो पिछले साल दिसंबर में शाहरुख खान के साथ 'डंकी' फिल्म में दिखीं. सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद अब नेटफ्लिक्स पर इस फिल्म का जलवा कायम है. 14 फरवरी को ये फिल्म ओटीटी पर आई. उसके बाद से लगातार नेटफ्लिक्स पर ट्रेंड में बनी हुई है. बता दें, इस फिल्म की कहानी लोगों को काफी पसंद आई और दुनियाभर में इस पिक्चर ने 450 करोड़ से ज्यादा की कमाई की.

# अनंत अंबानी की शादी की तैयारियां शुरू 3 दिन का होगा जश्न, आयेंगे 1000 मेहमान



**मुंबई ।** मुकेश और नीता अंबानी के छोटे बेटे अनंत की शादी की तैयारियां जोरों शोरों से चल रही हैं. जल्द वो अपनी लेडीलव राधिका मर्चेंट से शाही शादी रचाने वाले हैं. कपल का प्री-वेडिंग बैश गुजरात के जामनगर में 1-3 मार्च को होने वाला है. इस सेरेमनी का हिस्सा देश-विदेश के करीब 1000 लोग बनेंगे. इंटरनेशनल लीडर्स और सेलेब्रिटीज अनंत-राधिका को आशीर्वाद देंगे. इस ग्रैंड इवेंट का फूड मेन्यू भी स्पेशल होने वाला है.

**स्पेशल होगा फूड मेन्यू, परोसे जाएंगे 2500 पकवान**

हॉस्पिटैलिटी टीम के मुताबिक, खाने को लेकर मेहमानों की पसंद का खास ख्याल रखा जाएगा. उनके द्वारा डाइट में अवॉइड की जाने वाली चीजों को अवॉइड किया जाएगा. इसलिए प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन में शामिल हो रहे सभी मेहमानों की टीम से उनके फूड चॉइस की जानकारी मांगी गई है. हर एक मेहमान की डाइट की जरूरतों का ध्यान रखने की कोशिश है.

**25 शेफ की टीम पहुंचेगी जामनगर**

रिपोर्ट के अनुसार, प्री वेडिंग बैश के लिए इंदौर से करीबन 25 शेफ की स्पेशल टीम को तैयार किया गया है. इवेंट में इंदौरी खाने को खास महत्व दिया गया है. इसके अलावा पारसी, थाई, मैक्सिकन, जैपनीज फूड भी शामिल किया गया है. पैन एशिया पैलेट पर फोकस होगा. तीन दिनों तक मेहमानों को 2500 तरह के पकवान परोसे जाएंगे. इसमें ब्रेकफास्ट, लंच, डिनर और मिडनाइट स्नैक्स शामिल रहेगा. जानकारी के मुताबिक, ब्रेकफास्ट मेन्यू में 70 ऑप्शन होंगे. लंच में 250 और डिनर में 250 तरह के फूड आइटम मेहमानों को परोसे जाएंगे. कोई भी डिश फंक्शन में रिपीट नहीं होगी. वेगन खाने वालों की जरूरतों का भी ख्याल रखा गया है. पार्टी एंजॉय करने वाले गेस्ट्स के लिए मिडनाइट स्नैक्स का इंतजाम रहेगा.

**पार्टी में शामिल होंगे ग्लोबल लीडर्स**

जनवरी 2023 में अनंत-राधिका की सगाई हुई थी. उनकी शादी ग्रैंड अफेयर होने वाली है. गेस्ट लिस्ट में अलग-अलग फील्ड के बड़े नामों को बुलाया गया है. मार्क जुकरबर्ग, बिल गेट्स, शाहरुख खान, सलमान खान, अमिताभ बच्चन, रजनीकांत के सेलिब्रेशन में शामिल होने की चर्चा है. रिहाना, अरिजीत सिंह और दिलजीत दोसांझ प्री-वेडिंग बैश में परफॉर्म करेंगे.

# घटे दामों पर बिकवाल पीछे हटे काबुली चने में 300 रुपये की तेजी




घटे दामों पर अच्छी क्वालिटी के काबुली चने की आवक में एकाएक कमी होने लगी है जबकि नीचे दामों पर घरेलू और निर्यातकों की पूछताछ आने से भाव में तेजी रही। काबुली चना कंटेनर में करीब 300 रुपये तक उछल गया।व्यापारियों का कहना है कि काबुली चने का उत्पादन अधिक होने की संभावनाओं के चलते छोटे किसान दाम और घटने के डर से मंडियों में माल अधिक मात्रा में ला रहे थे जिससे पिछले दिनों इसके दामों में अच्छी खासी गिरावट आ चुकी थी लेकिन अब घटे दामों पर बिकवाल पीछे हटने से बाजार पुन: तेजी दिख रही है। हालांकि लंबी तेजी की उम्मीद कम नजर आ रही है। बुधवार को कंटेनर में डालर चना नया 40/42 12400, 42/44 12200, 44/46 12000, 58/60 11000, 60/62 10900, 62/64 10800 रुपये प्रति क्विंटल पर रह गया।

दूसरी ओर देसी चने की आपूर्ति पूरी तरह समाप्त हो चुकी है जो स्टाक में पड़ा माल है, वहीं मिलिंग के लिए दाल मिलों में जा रहा है। वर्तमान में खेतों में देसी चने की खड़ी फसल अनुकूल नहीं है। पिछले चालू माह के अंतराल आई जोरदार तेजी के बाद पिछले दिनों कुछ करेक्शन आ गया है और अब बाजार पिछले सात-आठ दिनो से सीमित दायर में घूम रहा है।

मध्य प्रदेश में बोई गई फसल बढ़िया है, लेकिन चौतरफा बोवनी कम है, जिस कारण तैयार फसल के उत्पादन में कमी की संभावना दिखाई दे रही है। ऐसे में देसी चने में भी ज्यादा मंदी नजर नहीं आ रही है। अन्य दाल-दलहन में कारोबार सामान्य रहा। भाव में कोई खास परिवर्तन नहीं रहा।

दलहन- चना कांटा 5900-5925 विशाल 5750-5800 नया विशाल 5450-5650 बेस्ट विशाल 5700-5800 डंकी 5300-5500 मसूर 5600-5625 तुवर महाराष्ट्र सफेद 10000-10100 कर्नाटक 10100-10300 निमाड़ी तुवर 8700-9500 मूंग 9000-9100 बारिश का मूंग नया 9200-10000 एवरेज 7000-8000 उड़द बेस्ट 8800-9200 मीडियम 7000-8000 हलका उड़द 3000-5000 नया गेहूं मिल क्वालिटी 2350-2300 मालवराज बेस्ट 2200-2250 लोकवन 2500-2600 पूर्णा 2650-2900 रुपये।

दालों के दाम- चना दाल 7700-7800 मीडियम 7900-8000 बेस्ट 8100-8200 मसूर दाल 7100-7200 बेस्ट 7300-7400 मूंग दाल 10500-10600 बेस्ट 10700-10800 मूंग मोगर 11200-11300 बेस्ट 11400-11500 तुवर दाल 11800-11900 मीडियम 12800-12900 बेस्ट 13600-13700 ए. बेस्ट 14600- 14700 पैक तुवर दाल नई 14700 उड़द दाल 10800-10900 बेस्ट 11000-11100 उड़द मोगर 10900-11000 बेस्ट 11100-11200 रुपये क्विंटल । इंदौर चावल भाव- दयालदास अजीतकुमार छावनी के अनुसार बासमती (921) 11500-12500, तिबार 10000-11000, बासमती दुबार पोनिया 8500-9500, मिनी दुबार 7500-8500, मोगरा 4500-7000, बासमती सेला 7000-9500 कालीमूंछ डिनरकिंग 8500, राजभोग 7500, दुबराज 4500-5000, परमल 3200-3400, हंसा सेला 3400-3600, हंसा सफेद 2800-3000, पोहा 4300-4700 रु. क्विंटल।

# मार्च का शकर कोटा अधिक फिर भी मंदी की गुंजाइश कम



केंद्र सरकार द्वारा फरवरी की तुलना में मार्च का शकर कोटा 1.5 लाख टन बढ़ाकर 23.5 लाख टन जारी किया है। जारी कोटा मार्च की सामान्य खपत से अधिक है। हालांकि मार्च में होली, महाशिवरात्रि त्योहार होने के साथ ही गर्मी भी बढ़ सकती है। ऐसे में मार्च मध्य से शकर की मांग अच्छी रहने की संभावना है।व्यापारियों का कहना है कि मार्च के पहले सप्ताह में शकर के दाम 15-20 रुपये की आंशिक गिरावट आ जाए तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। इससे ज्यादा मंदी की गुंजाइश कम है। पिछले साल मार्च 2023 में सीजन पूरे जोरों पर था, जबकि मौजूदा सीजन में पेराई कार्य पूरी क्षमता पर नहीं है लेकिन आगे लोकसभा चुनाव होने के कारण सरकार महंगाई को लेकर काफी सख्त है। ऐसे में शकर के दाम थोड़े भी बढ़ते है तो सरकार अतिरिक्त शकर कोटा भी जारी कर सकती है।

बुधवार को शकर नीचे में 3715 ऊपर में 3770 रुपये प्रति क्विंटल तक बोली गई। शकर की आवक सात गाड़ी की रही। नारियल में छुटपुट रूप से लोकल मांग बनी हुई है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों की ग्राहकी बेहद सुस्त बनी हई है जिससे नारियल के दामों में स्थिरता बनी हुई है। नारियल की आवक दो गाड़ी की रही। खोपरा गोला और बूरे में कारोबार सामान्य रहा। भाव में कोई विशेष तेजी-मंदी की स्थिति नहीं बन पा ही है।

जीरे में कारोबार कमजोर है जबकि नए जीरे की आवक का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है जिससे कुछ व्यापारी भावों में कटौती कर बिकवाली कर रहे है। व्यापारियों का कहना है कि जीरे के वर्मतान दामों में और मंदी की उम्मीद की जा रही है। जीरा ऊंझा 340 से 350, मीडियम 380 से 390 बेस्ट 410 से 425 रुपये प्रति किलो के भाव रहे।

शकर- शकर 3715-3770, एम-शकर 3790-3820 गुड करेली कटोरा 4000-4100, लड्डू 4200-4300 बरफी 4700-4800 गिलास एक किलो 4600-4900 भैली 3800-3900 रुपये क्विंटल।

नारियल- नारियल 120 भरती 1400-1450, 160 भरती 1450-1500, 200 भरती 1550-1600, 250 भरती 1650-1700 रु. प्रति बोरी और खोपरा गोला बक्सा 115-125, कट्टे 105-106 रु. प्रति किलो और खोपरा बूरा 2400-4450 प्रति 15 किलो।

फलाहारी- सच्चामोती एगमार्क साबुदाना (1 किलो)- 7420, सच्चासाबु एगमार्क (500 ग्राम)- 7520, सच्चासाबु एगमार्क फूलदाना (नायलान) (500 ग्राम)- 8240,सच्चासाबु एगमार्क चीनीदाना (500 ग्राम)- 7940,गोपाल साबुदाना लूज (25 किलो)- 6910, अल्पहार/ कुकरीजाकी भगर मोरधन (500 ग्राम)- 9940 प्रति क्विंटल। रायल रतन साबुदाना (1 किलो) 7300, रायलरतन (500 ग्राम) 7360 व रायलरतन लूज 6800, रायल सच्चामोती पोहा एक किलो 5450 व 35 किलो पैकिंग में 4800, रायलरतन मोरधन (आधा किलो) 10500 रुपये।

पूजन सामग्री - देशी कपूर 550 से 750, ब्रांडेड कपूर 750 से 800, पूजा बादाम 110 से 125, बेस्ट 175 से 190, पूजा सुपारी 475, अरीठा 130, सिंदूर (25 किलो) 7400 रुपये।

मसाले- हल्दी निजामाबाद 1750 से 200, हल्दी लालगाय 260-265 कालीमिर्च गारबल 585 से 590 एटम 600 से 610, मटरदाना 660 से 670, जीरा ऊंझा 340 से 350, मीडियम 380 से 390 बेस्ट 410 से 425 सौंफ मोटी 95 से 125, मीडियम 175 से 225, बेस्ट 355 से 375, बारीक 350-400 , लौंग मीडियम 850 से 900, बेस्ट 950-965 सौंठ 295 से 325 बेस्ट 375 से 400, दालचीनी 245-255, जायफल 580-650, बेस्ट 700 जावत्री 1900-1950, बड़ी इलायची 1350 से 1400 बेस्ट 1450 से 1560, पत्थरफूल 351 से 375, बेस्ट 475, बाद्यान फूल 550 से 575, बेस्ट 750-775 शाहजीरा खर 350 से 360, ग्रीन 600-611, तेजपान 91-101, नागकेसर 750 से 775, धोली मूसली 2100 से 2250, सिंघाड़ा छोटा 90-105 बड़ा 115 हींग वनदेवी दाना751-3450, पाउच में 10 ग्राम 3530, 121- 50 ग्राम 3250, पाउच में 10 ग्राम 3330, 111-50 ग्राम 3050, पाउच में 10 ग्राम 3130, पावडर 875-925 , हरी इलायची 11850-1900 मीडियम बोल्ड 2100 से 2300 बोल्ड 2400-2500 बेस्ट ए बोल्ड 2550-2800 और सफेद तिल्ली 148-155 बेस्ट 155-160 रुपये।

सूखे मेवे- काजू डब्ल्यू 240 नंबर 760-800, काजू डब्ल्यू 320 नंबर 680 से 700, काजू डब्ल्यू 300 नंबर 670-680, काजू जेएच 590-600 टुकड़ी 530-550, बादाम 550-570 बेस्ट 640-660 आस्ट्रेलियन बादाम बेस्ट 625-750 खसखस मीडियम 650-725 बेस्ट 1125-1225 तरबूज मगज 750-760 खारक 115-135 मीडियम 145 से 175 बेस्ट 225 से 250 ए. बेस्ट 301 किशमिश कंधारी 420 से 470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140 से 150 बेस्ट 170 से 190 , चारोली 1485 से 1550, बेस्ट 1600 मुनक्का 450 से 550 बेस्ट 650 से 900, अंजीर 750 से 900 बेस्ट 1150 से 1450 मखाना 650 से 785, मीडियम 825 से 875 बेस्ट 900-925, केसर ब्रांडेड 188 से 190 अन्य 145-150 पिस्ता 1300-1450 ईरानी 1500-1600, नमकीन पिस्ता 850-1000 अखरोट 450 से 500, बेस्ट 550 से 650, अखरोट गिरी 700 से 1050 जर्दालू 250 से 350, बेस्ट 450 से 550 गोंद नाइजीरिया 180-250, गोंद धावड़ा 400-700 रुपये।

# सस्ता हुआ चांदी का भाव 600 रुपये घटकर 70975 रुपये प्रति किलो, सोने का रहा इतना..

डॉलर की दर में आई मजबूती के कारण निवेशकों की डिमांड बुलियन मार्केट में कमजोर देखी गई। दरअसल, निवेशकों ने अब करेंसी मार्केट का रुख कर लिया है। इसके चलते अंतरराष्ट्रीय बुलियन मार्केट में सोना और चांदी वायदा में गिरावट दर्ज की गई। कॉमेक्स पर सोना 6 डॉलर टूटकर 2033 डॉलर प्रति औंस और चांदी 18 सेंट घटकर 22.51 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करती देखी गई। इसके चलते भारतीय बाजारों में सोने और चांदी की कीमतों में नरमी रही। बुधवार को इंदौर में सोना कैडबरी घटकर 63625 रुपये प्रति दस ग्राम और चांदी 600 रुपये घटकर 70975 रुपये प्रति किलो रह गई। इन दामों पर बाजार में ग्राहकी अच्छी देखी गई। ज्वेलर्स का मानना है कि सोने में कोई भी उछाल काफी हद तक फेडरल रिजर्व की चेतावनियों के कारण सीमित था कि बैंक 2024 की शुरुआत में दरों में कटौती शुरू करने की जल्दी में नहीं था। डालर जो तीन महीने के उच्चतम स्तर के करीब रहा, ने भी सोने की कीमतों पर दबाव डाला। फिर भी, सोने की कीमतें 2,000 डॉलर प्रति औंस के प्रमुख समर्थन स्तर से ऊपर स्थिर रहीं, जो दर्शाता है कि वैश्विक आर्थिक मंदी की आशंका और रूस और मध्य पूर्व में भू राजनीतिक तनाव पीली धातु की कुछ सुरक्षित मांग को पूरा कर रहे थे। कॉमेक्स पर सोना ऊपर में 2033 नीचे में 2027 डॉलर प्रति औंस और चांदी ऊपर में 22.51 नीचे में 22.30 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता देखा गया। इंदौर के बंद भावङ्क सोना कैडबरी रवा नकद में 63625 सोना (आरटीजीएस) 63760 सोना (91.60 कैरेट) 58400 रुपये प्रति दस ग्राम बोला गया। मंगलवार को सोना 63725 रुपये पर बंद हुआ था। चांदी चौरसा 70975 चांदी टंच 71100 चांदी चौरसा (आरटीजीएस) 70975 रुपये प्रति किलो बोली गई। मंगलवार को चांदी 71550 रुपये पर बंद हुई थी।

## खेल/प्रणायाम/आरोग्य

# ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवन घोषित स्मिथ करेंगे पारी की शुरुआत



**वेलिंगटन।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने न्यूजीलैंड के खिलाफ गुरुवार से बेसिन रिजर्व में शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए अपनी अंतिम एकादश की पुष्टि कर दी है। अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत करना जारी रखेंगे। इस साल की शुरुआत में डेविड वार्नर के संन्यास लेने के बाद से स्मिथ टीम के लिए पारी की शुरुआत कर रहे हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की सबसे हालिया टेस्ट श्रृंखला के दौरान कुछ मिश्रित प्रदर्शन किया है। तीन मौकों पर असफल रहने के बाद, स्मिथ ने ब्रिस्बेन में कैरेबियाई टीम के खिलाफ दूसरी पारी में नाबाद 91 रन बनाए। कमिंस ने आईसीसी के हवाले से बुधवार को कहा, हमने अच्छा प्रदर्शन किया है, इसलिए गाबा में भी वही एकादश है, जो वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में उतरी थी। पूरी टीम का चयन करना हमेशा अच्छा होता है।ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग इलेवन इस प्रकार है- स्टीव स्मिथ, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, कैमरून ग्रीन, ट्रैविस हेड, मिच मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिच स्टार्क, नाथन लियोन, जोश हेजलवुड।

# शीर्ष तीन में रूट की वापसी, यशस्वी जयसवाल 12वें स्थान पर




**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग के शीर्ष तीन में वापस आ गए हैं और भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल रांची में आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप श्रृंखला के चौथे मैच में कुछ अच्छे प्रदर्शन के बाद 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। रांची टेस्ट भारत ने 5 विकेट से जीता और पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 से बढ़त बना ली। रूट, जो पहले शीर्ष क्रम के बल्लेबाज थे, ने पहली पारी में नाबाद 122 रन बनाए और दो स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए। जबकि बाएं हाथ के जयसवाल, जिन्होंने 69वें स्थान पर श्रृंखला शुरू की थी, 73 और 37 के स्कोर के बाद तीन स्थान ऊपर 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। रूट ऑलराउंडरों की सूची में भी तीन स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज केन विलियमसन 893 अंकों के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं। प्लेयर ऑफ द मैच ध्रुव जुरेल के 90 और 39 के स्कोर ने उन्हें 31 स्थान ऊपर उठाकर 69वें स्थान पर पहुंचा दिया है और इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली 42 और 60 के स्कोर के बाद पहली बार शीर्ष 20 में प्रवेश कर गए हैं। दूसरी पारी में पांच विकेट लेने वाले रविचंद्रन अश्विन दूसरे स्थान पर हैं, जबकि रांची टेस्ट के लिए आराम दिए जाने के बावजूद भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह शीर्ष पर बरकरार हैं। कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव 10 पायदान ऊपर 32वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि इंग्लैंड के शोएब बशीर 38 पायदान ऊपर 80वें स्थान पर हैं। पुरुषों की एकदिवसीय रैंकिंग में, सबसे बड़े मूवर नामीबिया के बर्नार्ड शोल्ट्ज़ रहे हैं, जिन्होंने कीर्तिपुर में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप लीग 2 ट्राई-सीरीज़ में नेपाल के खिलाफ 31 रन पर चार विकेट और नीदरलैंड के खिलाफ 15 रन पर दो विकेट लिए, इस प्रदर्शन की बदौलत वह 642 रेटिंग अंकों के साथ 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जो एकदिवसीय क्रिकेट में नामीबिया के किसी खिलाड़ी द्वारा हासिल किया गया सर्वोच्च स्थान और अंक है। नीदरलैंड के आर्यन दत्त ने पिछले सप्ताह नामीबिया के खिलाफ तीन मैचों में 11 विकेट लेकर गेंदबाजी रैंकिंग में संयुक्त 36वें स्थान पर पहुंच गए। नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने नेपाल के खिलाफ 52 रन बनाए और नीदरलैंड के खिलाफ 33 रन देकर तीन विकेट लिए और पहली बार शीर्ष 10 ऑलराउंडरों में शामिल हो गए। टी-20 रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रैविस हेड न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में 24, 45 और 33 के स्कोर के बाद पहली बार शीर्ष 20 में पहुंच गए हैं। मैच में टिम डेविड की सिर्फ 10 गेंदों में 31 रनों की तेज पारी ने उन्हें छह पायदान ऊपर 22वें स्थान पर पहुंचा दिया है।

# आंखों की हल्की चोट-संक्रमण भी हो सकती है गंभीर, इस नाजुक अंग का कैसे रखें ख्याल?

*आंखें शरीर के सबसे नाजुक और महत्वपूर्ण अंगों में से एक है, जिसकी आपको विशेष ख्याल रखने की जरूरत होती हैं। हालांकि समय के साथ आंखों में कई प्रकार की दिक्कतें बढ़ती जा रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, आंखों को लेकर थोड़ी सी आसावधानी इसकी नाजुक मांसपेशियों को गंभीर क्षति पहुंचा सकती है, इससे आप अंधेपन के भी शिकार हो सकते हैं, इसलिए इस नाजुक अंग को लेकर विशेष सतर्कता बरतते रहना जरूरी है। आंखों की कुछ बीमारियों, संक्रमण या फिर चोट के कारण आपको दर्द की समस्या महसूस होती रह सकती है। आंखों में दर्द के साथ आमतौर पर कई अन्य लक्षण जैसे आंखों की लालिमा, खुजली, और सूजन की दिक्कत भी हो सकती है। अगर*



*आपको भी कुछ समय से इस तरह की कोई दिक्कत हो रही हो तो किसी विशेषज्ञ की सलाह जरूर ले लें।*

***आंखों में दर्द और संक्रमण***

*आंखों में दर्द, कुछ प्रकार की बीमारियों के कारण हो सकती है। कंजेक्टिवाइटिस (पिंक आई) इसका सबसे प्रमुख कारक है। इसके अलावा चोट की स्थिति के कारण भी आंखों की सतह क्षतिग्रस्त हो जाती है, जिससे दर्द हो सकता है। इंफेक्शन या प्रदूषण भी आंखों के लिए समस्याएं बढ़ाने वाली होती है। ये समस्याएं भले ही सामान्य हैं पर अगर इसपर ध्यान न दिया जाए या फिर डॉक्टरी सलाह से उपचार न किया जाए तो इससे आंखों की गंभीर बीमारी का खतरा भी बढ़ जाता है। अगर आपको भी कुछ समय से आंखों से संबंधित कोई समस्या हो रही है तो इसपर तुरंत ध्यान देना की जरूरत है।*

***क्यों होता है आंखों में दर्द?*** *आंखों में होने वाले दर्द के कई कारण हो सकते हैं। इसमें कुछ सामान्य और कुछ गंभीर मामले भी शामिल हैं। सामान्यतौर परदिनभर की मेहनत और थकान आंखों में अक्सर दर्द का कारण बन सकती है। इसके अलावा धूप में या अंधकार में अधिक समय बिताने से भी आंखों में सूजन और दर्द की दिक्कत बढ़ हो सकती है। धूल, रुखापन या एलर्जेन के कारण भी आंखों में सूजन पैदा हो सकती है जिससे दर्द और कई प्रकार की समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है। लंबे समय तक कंप्यूटर या मोबाइल का इस्तेमाल करने की वजह से भी कई लोगों में आंखों के दर्द की समस्या बढ़ती हुई देखी गई है। स्क्रीन टाइम बढ़ने को आंखों से संबंधित समस्याओं का प्रमुख कारण माना जाता है।*

***आंखों में संक्रमण को न लें हल्के में*** *जब आप अपने हाथों से आंखों को रगड़ते हैं तो आंखों में वायरस, बैक्टीरिया प्रवेश करके संक्रमण बढ़ा सकते हैं। आंखों में संक्रमण की समस्या आमतौर पर हल्के दर्द, लालिमा और खुजली के साथ शुरू होती है और संक्रमण बढ़ने के साथ आंखों की मांसपेशियों को क्षति पहुंचा सकती है। इसलिए जरूरी है कि किसी भी संक्रमण को हल्के में न लें और समय रहते इसका उपचार प्राप्त करें। आंखें संवेदनशील अंग हैं जिसपर गंभीरता से ध्यान दिए जाते रहने की आवश्यकता होती है।*

***आंखों की सेहत को लेकर डॉक्टर की सलाह***

*स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, आंखों में होने वाली कोई भी दिक्कत अगर लंबे समय तक बनी रहती है तो इसपर गंभीरता से ध्यान देना और इलाज प्राप्त करना आवश्यक हो जाता है। अधिकतर मामलों में आंखों की दिक्कतों में लोग खुद से ही दवा या आई ड्रॉप का उपयोग शुरू कर देते हैं, ये सबसे हानिकारक आदत है। बिना किसी विशेषज्ञ की सलाह के आंखों में किसी भी ड्रॉप को डालने से बचना चाहिए। आंखों को स्वस्थ रखने वाली चीजों का सेवन करें और समय-समय पर इसकी सफाई करते रहें।*

सुप्रशिद्ध वरिष्ठ समाजसेवी डॉ उमेश शर्मा ने कहा

# माता-पिता व अभिभावक अपने बच्चे को भरोसा दिलाएं कि वे परीक्षा में बेहतर करेंगे



**विवेक कुमार मिश्रा। सिटी चीफ** सतना, बोर्ड की परीक्षाओं में सभी अभिभावकों की अपेक्षा रहती है कि उनकी संतान परीक्षा अच्छे से अच्छा नंबर लाए। इसी अपेक्षा में वे जाने-अनजाने बच्चों पर अतिरिक्त मानसिक दबाव और तनाव डाल देते हैं। जिसके चलते उनकी पढ़ाई ठीक से नहीं हो पाती और विद्यार्थियों के मन में निराशा की भावना आ जाती है। कई बार परीक्षा में असफल होने या अभिभावकों की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरने पर विद्यार्थी गलत कदम भी उठा लेते हैं।

सन्दर्भ में लोकप्रिय व् सुप्रशिद्ध वरिष्ठ समाजसेवी डॉ उमेश शर्मा ने बताया कि यह परीक्षाओं का समय है। पढ़ाई के लिए दबाव बनाना वास्तव में बच्चों पर और अधिक तनाव डालना है। अभिभावक अपने बच्चों को यह जरूर कहें कि हम जानते हैं कि तुम परीक्षा में अच्छी परफारमेंस के लिए तैयार हो। अपनी तरफ से अच्छा करो। तुम्हारा जैसा भी परीक्षा परिणाम आएगा हमें मंजूर होगा। बच्चों के सामने चिंतित चेहरा न रखें। अभिभावकों का चिंतित चेहरा देखकर बच्चे और अधिक तनाव अनुभव करेंगे। इससे जो वे याद किए हैं और पढ़े हैं, वह भूलने लगेंगे। परीक्षा की तैयारी के दौरान बच्चों को अच्छे पेन लाकर दें जो उनके लिए जरूरी है। यह बच्चों के तनाव को हल्का करने में सहायक होगा। बच्चों को तैयारी में सहायता जरूर करें पर दबाव न डालें। कठिनाइयों को शिक्षकों व सहपाठियों से साझा करें। विद्यार्थियों के लिए यह समय कुछ नया पढ़ने या सीखने का नहीं है। जो वे पढ़ चुके हैं उसके रिविजन में जुट जाएं। विद्यार्थी उन विषयों और पाठ्यक्रम को पहचानने की कोशिश करें, जिनमें उन्हें कठिनाई आती है। इसके बाद शिक्षक या विषय के जानकार अन्य लोगों से मिलकर उन कठिनाइयों को दूर करें और माता-पिता व अभिभावक अपने बच्चे को भरोसा दिलाएं कि वे परीक्षा में बेहतर करेंगे।

श्री शर्मा ने आगे कहा कि बच्चों का चंचल मन बहुत जल्दी दूसरी तरफ डायवर्ट हो जाता है। घर में पढ़ाई का माहौल बनाए रखें। इस दौरान शादी विवाह या अन्य आयोजनों में बच्चों का जाना अवाएड करें।बच्चों की कमजोरियों का भी दूसरे के सामने न प्रकट करें न ही उपहास उड़ाए। बल्कि उन्हें एकांत में बैठा करके उसे दूर करने का प्रयास करें। उनकी थोड़ी सी भी नाराजगी बच्चों की आलोचना या नकारात्मक कमेंट बच्चों के कंसंट्रेट को बिगाड़ने के लिए पर्याप्त होता है। बच्चों को उच्च मनोबल और उत्साह से परीक्षा देने के लिए प्रोत्साहित करें। निसंदेह इससे वह बेहतर कर पायेंगे। अगर किसी कारणवस रिजल्ट अपेक्षा के अनुसार नहीं रहा तो यह न मानें की उनके लिए दुनिया खत्म नहीं हुई है। भले ही थोड़ी ही देर लगे लेकिन आप सही दिशा में ईमानदारी से पूरी जिम्मेदारी के साथ मेहनत करेंगे तो निश्चित ही सफल होंगे। इसलिए सभी अभिभावकों की से हमारी अपील हैं कि विद्यार्थियों पर अधिक नंबर या परसेंटेज लाने के लिए अनावश्यक दबाव ना बनाएं।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले गया युवक, पुलिस कर रही दोनो की तलाश

## हिन्दू संगठनों ने थाने पर किया हंगामा, पास्को एक्ट लगाने की की मांग



**भगवान दास बैरागी। सिटी चीफ** शाजापुर, स्थानीय ज्योतिनगर क्षेत्र से एक मुस्लिम युवक एक नाबालिग युवक अपने साथ बहला-फुसलाकर ले गया। मामले में पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। इधर मुस्लिम युवक पर पास्को एक्ट न लगाए जाने के विरोध में बुधवार को हिंदू संगठन के लोगों ने थाने पर हंगामा किया और पास्को एक्ट लगाने सहित उचित कार्रवाई की मांग की है। हिन्दू वादी संगठन के लोगों ने लालघाटी थाने पर पहुंचकर हंगामा किया। हिन्दू वादी संगठन के लोगों ने आरोप लगाया कि नाबालिग लड़की होने के बाद भी पुलिस द्वारा पास्को एक्ट न लगाएं जाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही हैं। लालघाटी थाना प्रभारी संजय वर्मा ने बताया ज्योति नगर क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की को एक युवक बहला-फुसलाकर ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। हिन्दू वादी संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा युवक पर पास्को एक्ट लगाने की मांग की गई है। उन्होने बताया कि आरोपी ओर युवती की तलाश जारी है जो जल्द ही हमारे हाथ लग जाएंगे। इसके बाद उचित कार्रवाई की जाएगी और युवक के खिलाफ पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जाएगा।

### पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

हिन्दू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष अनूप किरकिरे ने बताया कि एक नाबालिग बच्ची जो ज्योतिनगर की निवासी है उसके माता-पिता ने हमें बताया कि एक गैर हिन्दू युवक उसे बहला-फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रकरण भी दर्ज कर लिया, लेकिन नाबालिक लड़कियों के जो अधिकार हैं कि उनके खिलाफ कोई ज्यादती होती है तो उसमें पास्को एक्ट के तहत कार्रवाई की जाना चाहिए वह यहां की पुलिस द्वारा नहीं की जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने हमें आश्वासन दिया है। वहीं एक महिला पुलिस अधिकारी पर आरोप लगाते हुए बताया कि वह इसमें पास्को एक्ट के तहत कार्रवाई करने में अक्षम है। किरकिरे ने बताया कि यदि पुलिस द्वारा पास्को एक्ट के तहत कार्रवाई नहीं की जाती है तो हमें आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# शाजापुर में अज्ञात वाहन ने युवक को मारी टक्कर,युवक की मौत

भगवान दास बैरागी। सिटी चीफ शाजापुर, बायपास पर पैदल जा रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। परिजन युवक को घायल अवस्था में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहा चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना मंगलवार रात करीब 9.30 बजे की है जब मोहल्ला पायगा मुगलपुरा निवासी सलमान पिता असलम कहीं पेदल जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद युवक बेहोश हो गया, जिसे परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दियां पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# खरगोन में बेमौसम बारिश ने छीनी किसानों की मुस्कान, गेंहू मक्का चने की फसल प्रभावित





**पियूष अग्रवाल। सिटी चीफ** खरगोन, सोमवार और मंगलवार हुई बारिश जिसमे झिरन्या क्षेत्र के हर गांव में किसानों की गेहूं मक्का चने की फसल जमीन में बिछ गई और बहुत ज्यादा प्रभावित हुई कल तक जो किसान अपनी लहललाती फसल को देख कर खुश हो रहे थे वो आज बेमौसम बारिश से किसानों के चेहरे मुरझा गए । किसानों ने कहा बारिश की फसल सोयाबीन कपास में उत्पादन कम निकला और अब बेमोसम बारिश से गेहूं मक्का की फसल प्रभावित हुई हम पर दोहरी मार पड़ रही है किसानों ने शासन प्रशासन से मांग की फसलों का सर्वे कर उचित मुआवजा दिया जाए।

**झिरन्या तहसीलदार अधिकारी पी एस अजनार बोले** राजस्व विभाग की हमारी पूरी टीम अलर्ट है ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली बारिश से गेहूं चना मक्का की फसल प्रभावित हुई है झिरन्या क्षेत्र के सभी गांवों में फसलों का सर्वे किया जायेगा।

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

# शहर में होने वाले आयोजन को लेकर कलेक्टर कार्यालय में हुई बैठक



**भगवान दास बैरागी। सिटी चीफ शाजापुर,** समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को उक्त आयोजन की आवश्यक तैयारियों जैसे बस, भोजन व्यवस्था, कन्ट्रोल रूम बनाने, जाने वाले हितग्राहियों के आईडी पासवर्ड जारी करने, रूट चार्ट बनाने, एम्बुलेंस व्यवस्था सुनिश्चित करने आदि के संबंध में निर्देश दिये। उन्होंने आरटीओ राकेश भूरिया को निर्देश दिये कि शाजापुर जिले से जाने वाली 50 बसों की व्यवस्था कर निर्धारित स्थानों पर पहुंचाना सुनिश्चित करें। साथ ही संबंधित जनपदों के सीईओ अपने-अपने क्षेत्र से जाने वाले हितग्राहियों की सूची बनाकर भेजने आदि के संबंध में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिये। इस दौरान कलेक्टर ने जिला मुख्यालय पर होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संतोष टैगोर, अपर कलेक्टर बीएस सोलंकी, संयुक्त कलेक्टर सत्येन्द्रप्रसाद सिंह एवं डिप्टी कलेक्टर मनीषा वास्कले सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

7, 8 एवं 9 मार्च तक चलेगा समारोह

# मैहर में अलाउद्दीन खां संगीत समारोह का हुआ आयोजन





**श्रीनिवास मिश्रा। सिटी चीफ मैहर,** नगरपालिका के सभागार में संगीत सम्राट उस्ताद बाबा अलाउद्दीन खां के 49 वां संगीत समारोह को लेकर बैठक का आयोजन किया गया । मैहर जिला बनने के बाद यह पहला कार्यक्रम है । इस मौके पर कलेक्टर मैहर श्रीमती रानी बाटड , पुलिस अधिक्षक सुधीर अग्रवाल , सतना सांसद गणेश सिंह , विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी , भोपाल सांस्कृतिक संचालक एनपी नामदेव मैहर राजमाता कवितेश्वरी देवी , डॉ कैलाश चंद जैन , धीरज पांडे सहित विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे । बैठक में डाक्टर कैलास जैन , केशव प्रसाद चौरसिया , सतोश मिश्रा , राजललन मिश्रा कमलेश सुहाने सहित उपस्थित लोगों के द्वारा कई सुझाव दिए गए जिसमे से कई बिदुओं पर चर्चा की गई । सांसद ने कहा की अगर पुराने रिटायर संगीत कलाकार संगीत विद्यालय में नि:शुल्क सेवा देना चाहते है तो शासन को स्वीकार करना चाहिए । कार्यक्रम का पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम की तिथि में संशोधन करते हुए 7,8 और 9 मार्च को कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा । कार्यक्रम के आयोजन से पहले प्रचार प्रसार पर विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है । इस बैठक में मुख्यरूप से स्थानीय कलाकारों के द्वारा प्रतिदिन दो कार्यक्रम की प्रस्तुति देने की बात कही गई । कार्यक्रम स्थल पूर्व में निर्धारित जगह बाबा उस्ताद अलाउद्दीन खां स्टेडियम में ही आयोजित किया जाएगा । क्षेत्रीय ग्रामीण अंचलों की छोटी छोटी संगीत भजन मंडली को चिन्हित कर उन्हें भी आमंत्रित किया जाए एवं बाबा उस्ताद अलाउद्दीन खां साहब को भारत रत्न देने की बात पर सांसद ने कहा की पूर्व से ही भारत सरकार के विचाराधीन है जल्द ही इसपर विचार कर दिया जायेगा इस अवसर पर विश्वनाथ चौरसिया , कुलदीप तिवारी धीरज पांडेय , महेश दरियानी , विकास तिवारी , रे राजललन मिश्रा , रमाकांत त्रिपाठी , गौतम भारती , बीएल अग्रवाल , सहित बड़ी संख्या में त संगीत प्रेमी उपस्थित रहे।

सीमेंट प्लांट के द्वारा आयोजित हुआ क्रिकेट टूर्नामेंट में

# नौ पंचायतों को हरा कर डेल्हा ने किया विजय हासिल



**श्रीनिवास मिश्रा। सिटी चीफ** मैहर, मैहर के सरलानगर स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है मैहर सीमेंट वर्क्स के द्वारा सीएसआर मद से ग्रामीण क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य को लेकर टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ संस्था प्रमुख राहुल सहगल , मानव संसाधन प्रमुख करुणेश पांडे के मार्गदर्शन में सीएसआर विभाग प्रमुख विपिन सक्सेना द्वारा किया गया खेल का शुभारंभ किया गया इस खेल में दस पंचायतों के द्वारा अपना अपना प्रदर्शन किया गया और अपने अपने खेल का प्रदर्शन किया गई टूर्नामेंट में फाइनल मैच डेल्हा और चौपड़ा पंचायत के बीच खेला गया जहा पर ट्रॉस जीत कर बैटिंग करने का फैसला लिया गया जिसके बाद 15 ओवर में 198 रेनो का लक्ष्य बनाया जिसके बाद चौपड़ा के द्वारा 15ओवर में 148 रन बनया जिसके बाद डेल्हा ने मैच को जीता क्रिकेट टूर्नामेंट में संस्था प्रधान राहुल सहगल , मानव संसाधन प्रमुख करुणेश पाण्डे सीएसआर प्रमुख। विपिन सक्सेना, डेल्हा सरपंच अभिषेक जायसवाल , सोनवारी सरपंच उमाकांत उपाध्याय मंटू , राहुल गुप्ता सरपंच, धीरेंद्र सिंह धीरू, शैलेंद्र ओझा, सागर गर्ग , विवेक श्रीवास्तव , अखिल तिवारी, निखिल कुशवाहा, अभिषेक पटेल, गोलू पटेल, अमन , वीरेंद्र विश्वकर्मा के साथ साथ आसपास के तमाम लोग मौजूद रहे





# मैहर में माँ शारदा धाम में रोप वे चलते चलते रुकी मॉकड्रिल, एनडीआरएफ टीम ने किया रेस्क्यू

**श्रीनिवास मिश्रा। सिटी चीफ मैहर,** धर्मनगरी मैहर स्थित माँ शारदा धाम में दर्शनार्थी रोज की तरह रोप वे से ऊपर और नीचे जा आ रहे थे । तभी अचानक रोप वे में खराबी आ गई और ट्रालियां बीच में रुक गई । रोपवे खराब होने से दर्शनार्थी हवा में लटक गए । इसकी सूचना पर एनडीआरएफ की टीम पहुंची और जवानों ने हवा में झूल रही ट्रालियो से यात्रियों को नीचे सकुशल उतारा । यह दृश्य मंगलवार को माँ शारदा परिसर में एनडीआरएफ और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सतना द्वारा रोपवे आपात स्थिति में बचाव के लिए किए गए संयुक्त मॉक अभ्यास का था । इस दौरान एसडीएम मैहर सहित राजस्वए पुलिसए वन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद रहे । जिले में मैहर और चित्रकूट में रोप वे का संचालन होता है । इसे देखते हुए रोप वे में आपात स्थितियां आने पर किस तरह से बचाव अभियान चलाया जाएए इसे लेकर एनडीआरएफने बचाव अभियान का अभ्यास किया । अभ्यास में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के लोग भी शामिल रहे ताकि ये तत्काल आपात स्थिति में मदद उपलब्ध करा सकें।

# विज्ञापन पर बवालः इसरो के दूसरे लॉन्च पैड के निर्माण की सराहना करने वाले विज्ञापन में तमिलनाडु सरकार की सोच

## इंडिया के रॉकेट पर सबसे ऊपर चीन के झंडे से विवाद





चेन्नई। तमिलनाडु के कुलसेकरपट्टिनम में इसरो के दूसरे लॉन्च पैड के निर्माण की सराहना करने वाले अखबारों में छपे एक विज्ञापन को लेकर राज्य सरकार और बीजेपी के बीच वार-पलटवार देखा जा रहा है। तमिलनाडु सरकार के इस विज्ञापन में भारतीय रॉकेट पर सबसे ऊपर चीन का झंडा दिखाई दे रहा है। विज्ञापन में मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी नजर आ रहे हैं। इस पर बीजेपी ने सत्तारूढ़ डीएमके सरकार को जमकर घेरा है। पीएम मोदी की ओर से कुलसेकरपट्टिनम स्पेस पोर्ट के शिलान्यास कार्यक्रम से पहले बुधवार को सभी प्रमुख समाचार पत्रों में यह विज्ञापन नजर आया। प्रधानमंत्री मोदी ने भी तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके सरकार पर जनकर निशाना साधा और आरोप लगाया कि द्रमुक उनकी (केंद्र की) याजनाओं पर अपना स्टिकर लगा देती है।

**किसने दिया था विज्ञापन?**

एक रिपोर्ट के मुताबिक, विज्ञापन तमिलनाडु की पशुपालन मंत्री अनिता राधाकृष्णन से चलवाया था, जिन्होंने अपनी व्यक्तिगत क्षमता में ऐसा किया था। हालांकि, विवाद पर उनकी टिप्पणी नहीं आई लेकिन थूथुकुडी सांसद कनिमोझी (जिनके निर्वाचन क्षेत्र में इस लॉन्च पैड का निर्माण किया जाएगा) ने अपनी पार्टी का बचाव किया है। उन्होंने एरर को स्वीकार किया लेकिन कहा कि आर्टवर्क डिजाइनर से चूक हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि यह मुद्दा उस प्रतिक्रिया के लायक नहीं है जो इसे लेकर मिल रही हैं।

**क्या बोले पीएम मोदी?**

पीएम मोदी ने कहा कि डीएमके काम नहीं करती और झूठा क्रेडिट लेती है. वे (डीएमके) हमारी योजनाओं पर अपना स्टिकर चिपका देते हैं, लेकिन अब उन्होंने हद पार कर दी है।उन्होंने इसरो लॉन्चपैड का क्रेडिट लेने के लिए चीन का स्टिकर चिपका दिया...। पीएम मोदी ने कहा कि वे अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की प्रगति को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। वे भारत की अंतरिक्ष सफलता को दुनिया के सामने पेश नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने हमारे वैज्ञानिकों और हमारे अंतरिक्ष क्षेत्र का अपमान किया है। पीएम मोदी ने कहा कि अब समय आ गया है कि डीएमके को उसके कर्मों की सजा मिले।

विकसित भारत विकसित मध्यप्रदेश

# पीएम मोदी आज मप्र को देंगे 17,500 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

नई दिल्ली-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार शाम 4 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत विकसित मध्यप्रदेश कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश में 17,500 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इन परियोजनाओं में सिंचाई, बिजली, सड़क, रेल, जल आपूर्ति, कोयला, उद्योग सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्र शामिल हैं। प्रधानमंत्री मध्यप्रदेश में साइबर तहसील परियोजना का भी शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री 5500 करोड़ रुपये से ज्यादा की सिंचाई परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। इन परियोजनाओं में अपर नर्मदा परियोजना, राघवपुर बहुउद्देशीय परियोजना और बसनिया बहुउद्देशीय परियोजना शामिल हैं। इन परियोजनाओं से डिंडोरी, अनुपपुर और मंडला जिलों में 75,000 हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि को सिंचित किया जा सकेगा और इस क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बढ़ेगी और पेयजल का संकट भी खत्म होगा। दो छोटी सिंचाई परियोजनाएं भी प्रधानमंत्री राज्य में 800 करोड़ से अधिक की दो छोटी सिंचाई परियोजनाएं भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इनमें पारसडोह सूक्ष्म सिंचाई परियोजना और औलिया सूक्ष्म सिंचाई परियोजना शामिल हैं। ये सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाएं बैतूल और खंडवा जिलों में 26,000 हेक्टेयर से अधिक भूमि की सिंचाई जरूरतों को पूरा करेगी। तीन रेलवे परियोजनाएं प्रधानमंत्री 2200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित तीन रेलवे परियोजनाएं भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इन परियोजनाओं में वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-जखलौन एवं धौरा- आगासोड मार्ग पर तीसरी लाइन की परियोजना, न्यू सुमावली-जोरा अलापुर रेलवे लाइन में गॉज परिवर्तन परियोजना, और पोवारखेड़ा-जुझारपुर रेल लाइन फ्लाईओवर की परियोजना शामिल हैं। ये परियोजनाएं रेल कनेक्टिविटी में सुधार करेंगी और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देंगी। 1000 करोड़ की औद्योगिक परियोजनाएं मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए प्रधानमंत्री पूरे प्रदेश में लगभग 1000 करोड़ रुपये की कई औद्योगिक परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे। इन परियोजनाओं में रतलाम में बड़ा औद्योगिक पार्क, मुरैना जिले के सीतापुर में मेगा चमड़ा, जूते एवं सहायक उपकरण केंद्र, इंदौर में परिधान उद्योग के लिए प्लग एंड प्ले पार्क, औद्योगिक पार्क मंदसौर (जग्गाखेड़ी चरण-2) और धार जिले में औद्योगिक पार्क पीथमपुर का उन्नयन परियोजना शामिल हैं।

# इराक के एरबिल में लगी भीषण आग, 50 लोग झुलसे

इंटरनेशनल डेस्क - इराक में एरबिल के लंगा मार्केट में भीषण आग लगने से कम से कम 50 लोग झुलस गए। इराकी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। शफ़ाक न्यूज़ एजेंसी ने स्थानीय स्रोतों का हवाला देते हुए बताया कि आग ने बाज़ार में कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया, जिसके बाद नागरिक सुरक्षा टीमें मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग में कम से कम 50 लोग झुलस गए हैं। सूत्रों ने एजेंसी को बताया कि आग कथित तौर पर शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि अग्निशामकों द्वारा आग पर काबू पाने से पहले यह बाजार की लगभग 40 प्रतिशत दुकानों में फैल गई थी। एरबिल में नागरिक सुरक्षा निदेशालय के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल कारवान अली ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि आग पर काबू पाने के लिए 20 से अधिक



फायर ब्रिगेड और 100 फायरफाइटर्स को तैनात किया गया था। मीडिया रिपोर्ट में प्रवक्ता के हवाले से कहा गया है, अग्निशमन अभियान दो घंटे से अधिक समय तक चला, अंततः आग बुझाने में सफलता मिली।

# इन्टेल इंडिया के पूर्व प्रमुख की सड़क हादसे में हुई मौत, आरोपी फरार

**नेशनल डेस्क**- इंटेल इंडिया के पूर्व 'कंट्री हेड अवतार सैनी की महाराष्ट्र के नवी मुंबई में साइकिल चलाते समय तेज रफ्तार कैब की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना बुधवार सुबह करीब 5.50 बजे उस वक्त हुई जब सैनी (68) नेरुल इलाके में पाम बीच रोड पर साथियों के साथ साइकिल चला रहे थे।उन्होंने बताया कि तेज रफ्तार कैब ने सैनी की साइकिल को पीछे से टक्कर मार दी और वहां से भागने की



कोशिश की। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में सैनी घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उपनगरीय चेंबूर निवासी सैनी को 'इंटेल 386 और '486 माइक्रोप्रोसेसर की कार्यप्रणाली पर काम करने के लिए जाना जाता है। उन्होंने कंपनी के 'पेंटियम प्रोसेसर का डिज़ाइन तैयार करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पुलिस ने कैब चालक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। आरोपी को अभी गिरफ्तार नहीं किया गया है।

# पाकिस्तान में बस गहरी खाई में गिरी, 10 लोगों की मौत

पेशावर- उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में मंगलवार देर रात एक तेज रफ्तार बस के खाई में गिर जाने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। बस हरिपुर जिले के खानपुर से एक पहाड़ी गांव की ओर जा रही थी, तभी तरनावा में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पुलिस ने बताया कि तेज गति के कारण एक मोड़ पर चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और बस गहरी खाई में गिर गई। मृतकों में पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। बचाव वाहन दुर्घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से



घायल यात्रियों को निकाला। घायलों को हरिपुर जिले के एक ट्रॉमा सेंटर में स्थानांतरित किया गया है।

# अमेरिकी एडमिरल की चेतावनी- चीन जल्द ही युद्धाभ्यास की आड़ में ताइवान पर कर सकता आक्रमण

ताइपेः यूएस इंडो-पैसिफिक कमांड के लिए नामित अमेरिकी एडमिरल सैमुअल पापारो ने चेतावनी दी है कि चीन युद्धाभ्यास की आड़ में ताइवान पर हमला कर सकता है। उन्होंने कहा ये कहा कि चीन ताइवान पर आक्रमण को छिपाने के लिए सैन्य अभ्यास का ड्रामा रच सकता है। ताइवान न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार 14 फरवरी को, पापारो ने सिलिकॉन वैली में डिफेंस इनोवेशन यूनिट द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में उन तरीकों पर चर्चा की, जिसमें निजी क्षेत्र अमेरिका की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए उभरती वाणिज्यिक प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने में अमेरिकी सेना के साथ सहयोग कर सकता है। पापारो ने पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के बढ़ते खतरे और बीजिंग को रोकने के लिए अमेरिका नई प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने के तरीकों पर बात की।अमेरिकी कमांडर ने आगे कहा कि चीन में आर्थिक, जनसांख्यिकीय संकट और पीएलए के भीतर भ्रष्टाचार के घोटालों के बावजूद, बीजिंग का नेतृत्व अपनी महत्वाकांक्षाओं में निडर है।







ताइवान न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि चीन की इन महत्वाकांक्षाओं में पश्चिम प्रशांत, दक्षिण चीन सागर और ताइवान शामिल हैं। पापारो के अनुसार, पिछले तीन वर्षों के भीतर, पीएलए ने अपने बल स्तरों और उन बलों की संयुक्तता में चरण-स्तरीय परिवर्तन हासिल किए हैं। उन्होंने कहा कि ये घटनाक्रम, पीएलए रिहर्सल के साथ संयुक्त क्षमताओं का प्रदर्शन और चेतावनियों की बढ़ी हुई सीमा से संकेत मिलता है कि चीन जल्द ही उस बिंदु पर पहुंच जाएगा जहां उसके पास गहन सैन्य अभियान शुरू करने के लिए पर्याप्त बल होंगे जो एक युद्ध के तहत संचालित किया जा सकता है।

# US सांसदों ने चीन के खिलाफ किया बड़ा ऐलान, कहा-अमेरिका हमेशा ताइवान के साथ



बीजिंगः चीन की ताइवान के प्रति आक्रमकता को देखते हुए अमेरिका ने ड्रैगन के खिलाफ बड़ा ऐलान किया है।अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले दो सांसदों अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले विस्कॉन्सिन रिपब्लिकन के प्रतिनिधि माइक गैलाघेर ने ताइवान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति लाई चिंग-ते को भरोसा दिलाया है कि अमेरिका ताइवान के साथ खड़ा है और वे यूनाइटेड स्टेट्स कांग्रेस से दोस्ती और समर्थन का गहरा भंडार हासिल कर सकते हैं। सांसदों ने ताइवान की वर्तमान राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन से भी मुलाकात की ।बता दें कि बार-बार ताइवान के खिलाफ चीन के आक्रमक रुख के कारण अमेरिका ने ऐलान कर दिया है कि वो चीन के दबाव के सामने ताइवान के साथ खड़ा रहेगा, इसके साथ ही ताइवान के मुद्दे और यूक्रेन के बीच रिश्ता स्थापित करेगा। ताइवान दौरे पर आए अमेरिकी सांसदों ने गुरुवार को ताइवान को भरोसा देने की कोशिश की कि संयुक्त राज्य अमेरिका चीन के दबाव के सामने उसके साथ खड़ा है। साथ ही चेतावनी दी कि यूक्रेन के लिए प्रस्तावित नई सैन्य सहायता पर अनिश्चितता चीन को कमज़ोर कर सकती है। ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने अमेरिकी सांसदों से कहा, हम तेजी से बदलते वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य और चीन से जबरदस्त दबाव और राजनयिक, सैन्य और आर्थिक दबाव का सामना कर रहे हैं। ताइवान अपनी सेना को मजबूत करना जारी रखेगा, लेकिन हमें ये भी उम्मीद है कि संयुक्त राज्य अमेरिका और समान विचारधारा वाले देश भी ताइवान का समर्थन करना जारी रखेंगे।

# कर्नाटक से चुनाव लड़ सकते हैं केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण और एस जयशंकर

## 25 सीटों को बरकरार रखना चाहती है भाजपा

नेशनल डेस्क- भले ही कनार्टक में अब कांग्रेस सत्ता पर काबिज है लेकिन राज्य की 28 में 25 लोकसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है। सूत्रों का कहना है कि इन सीटों को दोबारा से हासिल करने के लिए भाजपा कम से कम एक दर्जन पुराने चेहरों को बदलने वाली है। भाजपा ने अपनी खास रणनीति के तहत इस बार कुछ केंद्रीय मंत्रियों को संसदीय चुनाव लड़ाने की योजना भी बनाई है। इसमें केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण और एस जयशंकर का नाम सबसे ऊपर है। भाजपा के सूत्रों का कहना है कि दोनों को ही भाजपा कर्नाटक में चुनावी मैदान में उतार सकती हैं। हालांकि अभी यह तय नहीं हुआ है कि वे दोनों किन सीटों से चुनाव लड़ेंगे।

**कई सांसद नहीं लड़ना चाहते चुनाव**

इसी बीच कई मौजूदा सांसदों ने अलग-अलग कारणों से चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा भी प्रकट कर दी है। पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद सदानंद गौड़ा सार्वजनिक रूप से कह चुके हैं कि वे अब चुनाव नहीं लड़ेंगे। जी एम सिद्धेश्वर (72), रमेश जिंगजिंगानी (72) अधिक उम्र के कारण संभवत चुनाव नहीं लड़ेंगे। वहीं अनंत हेगड़े ने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का हवाला दिया है। इनके अलावा शिवकुमार उदासी निजी कारणों से चुनाव नहीं लड़ना चाहते। इसके अलावा बी. एन. बच्चे गौड़ा (82), मंगला अंगाडी, जी. एस. बसवराज, वी. श्रीनिवास प्रसाद और वाय देवेंद्रप्पा जैसे सांसदों की चुनाव लड़ने की संभावना भी कम ही जताई जा रही है।

**सत्ता में आने के बाद कांग्रेस को काफी उम्मीद**

राजनीतिक की जानकारों की मानें तो कर्नाटक में मतदाता पारंपरिक रूप से राज्य और राष्ट्रीय चुनावों में अलग-अलग पार्टियों को चुनते हैं। भाजपा 2018 के विधानसभा चुनावों में सत्ता पर काबिज हुई थी। हालांकि 104 सीटों के साथ वह बहुमत से चूक गई थी। विधानसभा चुनाव में भाजपा का कर्नाटक में वोट शेयर 36 फीसदी था। वहीं 2019 हुए लोकसभा चुनावों में बीजेपी का वोट शेयर 54 फीसदी रहा था और भाजपा ने 25 सीटों पर जीत दर्ज की थी। उधर दूसरी ओर मई 2023 में हुए विधानसभा चुनावों में कर्नाटक में कांग्रेस का वोट शेयर 2018 के 38.1 फीसदी के मुकाबले इस बार बढ़कर 42.8 फीसदी हो गया है। इसलिए कांग्रेस को भी लोकसभा चुनाव में काफी अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है।



**दक्षिण भारत में 130 में से भाजपा के पास है 29 सांसद**

दक्षिण भारत के तहत आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और तेलंगाना राज्य आते हैं। इन 6 राज्यों में लोकसभा की कुल 130 सीटें हैं। दक्षिण भारत की 130 में से भाजपा के पास 22 फीसदी यानी की सिर्फ 29 लोकसभा सीटें हैं। 2019 में कर्नाटक में भाजपा ने 28 लोकसभा सीटों में से 25 सीटों पर जीत हासिल की थी। 2019 में तेलंगाना की 17 सीटों में से भगवा पार्टी को सिर्फ 4 सीटें मिली थीं। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और केरल में भाजपा के पास एक भी लोकसभा सीट नहीं है। इतना ही नहीं आंध्र प्रदेश और केरल में पार्टी के पास एक भी विधायक नहीं है।

**पी.एम. मोदी खुद कर रहे हैं दौरे**

भाजपा अपने 400 पार के टारगेट को पूरा करने के लिए दक्षिण भारत पर फोकस कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद दक्षिण भारत के कई दौरे कर चुके हैं। इस साल की शुरुआत में ही पीएम मोदी ने तमिलनाडु, केरला और केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप का दौरा किया था और लोगों को करोड़ों रुपए की योजनाओं की सौगात दी थी। जानकारों का कहना है कि दक्षिण भारत में 130 लोकसभा सीटों में से काफी सीटें हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित करने के बाद ही भाजपा ने चुनावों में 400 से ज्यादा सीटें जीतने का दावा किया है।

अयोध्या में प्राणप्रतिष्ठा से ठीक 6 दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के आंध्र प्रदेश और केरल पर रहे हैं। इसके अलावा बीते साल दिल्ली में संसद के नए भवन का उद्घाटन के दौरान सेंगोल को स्थापित किया था। इस दौरान देश के गृह मंत्री अमित शाह का दावा किया था कि देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 14 अगस्त 1947 को तमिल पुजारियों के हाथों सेंगोल स्वीकार किया था। जानकारों का मानना है कि यह दक्षिण भारत भाजपा की रणनीति का एक हिस्सा है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती ज्योती मिश्रा द्वारा कॉम्पेक प्रिंटर्स प्रा. लि. फ्री प्रेस हाउस 3/54, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर से मुद्रित एवं 45ए गुप्ता चैम्बर पहली मंजिल जावरा कंपाउंड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : अशीष मिश्रा आर.एन.आई. पंजीयन क्रमांक : एमपी/एच/आइएन 2009/34385 फोन नं : 0731-4202569 फैक्स नं : 0731-4202569